आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2004/14675

जोधपुर, जयपुर एवं अजमेर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक

# हुक्मनामा समाचार

वर्ष 22 : अंक 233 : मूल्य 2 रु. : पृष्ठ संख्या 8

www.hukmnamasamachar.com | जोधपुर, शनिवार, 16 मई, 2026 | www.Lokvarta.net

# पेट्रोल-डीजल हुए महंगे

## पेट्रोल-डीजल 3-3 रुपए प्रति लीटर हुए महंगे

## नई कीमतें लागू

**नई दिल्ली।** पेट्रोल और डीजल 3-3 रुपए प्रति लीटर महंगा हो गया है। दिल्ली में अब पेट्रोल 97.77 रुपए प्रति लीटर में मिलेगा। डीजल की कीमत 90.67 रुपए प्रति लीटर हो गई है। नए दाम आज 15 मई से लागू हो गए हैं। करीब 2 साल बाद दामों में ये बढ़ोतरी की गई है। वहीं कंपनियों को अभी भी पेट्रोल-डीजल पर 25-30 रूपये प्रति लीटर का घाटा हो रहा है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों के साथ प्रमुख शहरों में सीएनजी भी रू 2 प्रति किलो तक महंगी हो गई हैं। दिल्ली में अब एक किलो सीएनजी के लिए 79.09 खर्च करने होंगे।

**राहुल बोले- मोदी सरकार की गलती की कीमत जनता चुकाएगी** इस बीच राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'गलती मोदी सरकार की, कीमत जनता चुकाएगी।' उन्होंने आगे कहा कि 3 रुपए का झटका तो लग चुका है, बाकी की वसूली अभी किस्तों में की जाएगी। राहुल ने आरोप लगाया कि सरकार की गलतियों का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

इस बढ़ोतरी की मुख्य वजह अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव है। ईरान और अमेरिका की जंग शुरू होने से पहले क्रूड ऑयल के दाम 70 डॉलर थे जो अब बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं। क्रूड की कीमतें बढ़ने से तेल कंपनियां दबाव में थीं। इसलिए कंपनियों ने घाटे की भरपाई के लिए यह कदम उठाया है। अगर कच्चे तेल की कीमतों में लंबे समय तक तेजी बनी रहती है तो पेट्रोल-डीजल की कीमतें और भी बढ़ाई जा सकती हैं।




**पड़ोसी देशों में बढ़े दाम, भारत में अब हुआ इजाफा** सरकार अब तक यह तर्क देती रही थी कि पश्चिम एशिया युद्ध के कारण वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में उछाल आया है। इसके चलते पाकिस्तान, नेपाल और श्रीलंका जैसे पड़ोसी देशों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 15% से 20% तक बढ़ गईं, लेकिन भारतीय उपभोक्ताओं पर इसका बोझ नहीं डाला गया। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मार्च 2024 से स्थिर बनी हुई थीं। लोकसभा चुनाव 2024 से ठीक पहले सरकार ने कीमतों में 2 प्रति लीटर की कटौती कर जनता को राहत दी थी।

हालांकि, तकनीकी रूप से भारत में ईंधन की कीमतें विनियमित हैं और कंपनियां अंतरराष्ट्रीय क्रूड की 15 दिनों की औसत कीमत के आधार पर हर दिन रेट बदल सकती हैं, लेकिन राजनीतिक संवेदनशीलता के कारण इन्हें लंबे समय तक नहीं बदला गया।

## राजस्थान में पेट्रोल 109 रुपए लीटर से भी महंगा

### हर जिले में 3 रुपए से ज्यादा बढ़ी दरें

**जयपुर।** पेट्रोलियम कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की रेट में बढ़ोतरी कर दी है। शुक्रवार से ही नई रेट लागू हो गई है। रेट बढ़ने के बाद राजधानी में जयपुर में पेट्रोल अब 107.97 रुपए प्रति लीटर हो गया है। वहीं, श्रीगंगानगर, बीकानेर और सवाई माधोपुर में पेट्रोल की नई कीमत 109.46 रुपए प्रति लीटर तक पहुंच गई है। संभवत: ये राजस्थान में सबसे ज्यादा है। यहां डीजल भी अब 94.74 लीटर का हो गया है। इसके साथ ही प्रीमियर पेट्रोल के दाम भी बढ़ाए गए हैं। इसमें 3.25 रुपए का इजाफा किया गया है। इससे पहले 20 मार्च को प्रीमियम पेट्रोल के दाम बढ़ाए गए थे। तब 2 रुपए 16 पैसे की बढ़ोतरी की गई थी। माना जा रहा है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी के कारण रेट बढ़ाए गए हैं। जयपुर में पेट्रोल की कीमत में प्रति लीटर करीब 3 रुपए 25 पैसे की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, डीजल 3 रुपए 2 पैसे बढ़कर कीमतों में अचानक हुई इस बढ़ोतरी के बाद आम लोगों, वाहन चालकों और ट्रांसपोर्ट सेक्टर से जुड़े कारोबारियों की चिंता बढ़ गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर मध्य पूर्व में तनाव लंबे समय तक जारी रहता है, तो आने वाले दिनों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में और बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।

## संक्षिप्त खबरें



### चीन के साथ शानदार ट्रेड डील हुई, दोनों देशों को फायदा होगा-ट्रम्प

**बीजिंग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प तीन दिन का चीन दौरा पूरा कर वापस रवाना हो गए हैं। उन्होंने शुक्रवार को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से अंतिम दौर की बातचीत की। दोनों नेताओं की यह बैठक बीजिंग के झोंगनानहाई परिसर में हुई। इसे चीन के शीर्ष नेतृत्व का सबसे सुरक्षित और गोपनीय सत्ता केंद्र माना जाता है। बैठक के बाद ट्रम्प ने बताया कि चीन के साथ शानदार ट्रेड डील हुई हैं। उन्होंने कहा कि इन समझौतों से अमेरिका और चीन दोनों को फायदा होगा। ट्रम्प ने कहा, 'हमने कुछ शानदार समझौते किए हैं, जो दोनों देशों के लिए अच्छे हैं।' हालांकि उन्होंने इन समझौतों की ज्यादा जानकारी शेयर नहीं की। रवाना होते वक्त ट्रम्प को बीजिंग कैपिटल इंटरनेशनल एयरपोर्ट गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। चीनी विदेश मंत्री वांग यी उन्हें एयरपोर्ट तक छोड़ने आए।

### सुप्रीम कोर्ट स्टाफ को 2 दिन का वर्क फ्रॉम होम, जज कार पूलिंग करके कोर्ट जाएंगे

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी की ईंधन बचत की अपील पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने वर्किंग को लेकर नई गाइडलाइन जारी की है। अब कोर्ट के हर विभाग का स्टाफ दो दिन वर्क फ्रॉम होम पर रहेगा। सभी जज कार पूल करेंगे। रजिस्ट्री से जुड़ा 50 फीसदी स्टाफ भी घर से काम करेगा। सोमवार, शुक्रवार और मिसलेनियस डे ( जो दिन पहले से तय नहीं होते) पर लिस्ट मामलों की सुनवाई केवल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए होगी। इसके अलावा कोर्ट के अन्य वर्किंग डे में भी सुनवाई ऑनलाइन ही की जाएगी। कोर्ट ने रजिस्ट्री विभाग को निर्देश दिया है कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग लिंक समय पर भेजें और टेक्निकल सपोर्ट हर समय उपलब्ध रहे, जिससे अदालत की कार्यवाही प्रभावित न हो। सुप्रीम कोर्ट सचिव जनरल भारत पराशर ने इस संबंध नें सर्कुलर जारी किया है। पीएम मोदी की पेट्रोल-डीजल बचाने की अपील का असर देश के राज्यों में भी दिखने लगा है। शुक्रवार को केरलम के सीएम बनने जा रहे वीडी सतीशन पद संभालने से पहले ही अपने काफिले में केवल तीन गाड़ियां रखने का फैसला किया है, जिसमें सिर्फ एक पायलट और एक एस्कॉर्ट वाहन चलेगा। एक दिन पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस गुरुवार को एमएलसी शपथ ग्रहण समारोह के लिए बाइक से विधान भवन पहुंचे थे। दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने पेट्रोल-डीजल की बचत के लिए नए आदेश जारी किए। अब दिल्ली में सरकारी कर्मचारी हफ्ते में 2 दिन 'वर्क फ्रॉम होम' करेंगे। 50% सरकारी बैठकें ऑनलाइन होंगी।


## भारत-यूएई के बीच एलपीजी सप्लाई पर समझौता

### राष्ट्रपति अल नाहयान के साथ बैठक में फैसला



**दुबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूएईदौरे पर पहुंचे हैं। अबूधाबी पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत किया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक यूएई एयरफोर्स के एफ-16 फाइटर जेट्स ने प्रधानमंत्री के विमान को एस्कॉर्ट किया।

प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। दोनों देशों के बीच एलपीजी सप्लाई को लेकर अहम समझौता हुआ। इसके अलावा स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व, रक्षा सहयोग और वडिनार में शिप रिपेयर क्लस्टर से जुड़े एमओयू भी साइन किए गए। यूएई ने भारतीय इंफ्रास्ट्रक्चर, आरबीएल बैंक और सम्मान कैपिटल में 5 अरब डॉलर निवेश का ऐलान भी किया है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक दोनों नेताओं ने ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार, निवेश और वेस्ट एशिया के हालात पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी का यूएई दौरा खत्म हो गया हैं। उनका यह दौरा केवल करीब 180 मिनट का था। इस दौरे में भारत और यूएई के बीच कई समझौतों पर सहमति बनी। इसमें एलपीजी सप्लाई और ऊर्जा समझौता सबसे अमह माना जा रहा है। इसके अलावा, पीएम मोदी और यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई जिसमें पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के बारे में भी बात हुई।



## मानसून 26 मई को केरलम पहुंचेगा

### देश के कई राज्य हीटवेव की चपेट में

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने शुक्रवार को बताया कि मानसून केरलम में 26 मई को दस्तक दे सकता है। आमतौर पर मानसून 1 जून के आसपास केरल पहुंचता है, फिर देश के दूसरे हिस्सों को कवर करने के लिए उत्तर की ओर बढ़ता है। पिछले साल मानसून 24 मई को आया था। 2025 में सामान्य से 8% ज्यादा बारिश हुई थी। 30 सितंबर 2025 को मौसम विभाग ने बताया था कि पूरे देश में सामान्य से 8 प्रतिशत अधिक बारिश (937.2 मिमी) दर्ज की गई। आईएमडी चीफ मृत्युंजय महापात्रा ने इसे बहुत सफल सीजन बताया था। हालांकि देश के कई हिस्सों में अभी भी बारिश जारी है। यूपी में बुधवार को आंधी और बारिश ने जमकर तबाही मचाई। उधर का देश का आधे से ज्यादा हिस्सा हीटवेव की चपेट में है। महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कई शहरों में गुरुवार को तापमान 40 डिग्री के पार दर्ज किया गया। महाराष्ट्र का अकोला 45.9 डिग्री के साथ देश में सबसे गर्म रहा।

## नीट अगले साल से ऑनलाइन होगी

### इस साल रद्द हुई परीक्षा 21 जून को, यह पेपर-पेंसिल से होगी



**नई दिल्ली।** अगले सत्र से नीट-यूजी परीक्षा ऑनलाइन होगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को इसका ऐलान किया। उन्होंने माना कि 3 मई को हुई नीट-यूजी-2026 की परीक्षा के पेपर लीक हुए थे। उन्होंने कहा, 'हम नहीं चाहते थे कि कोई गलत कैंडिडेट सिलेक्ट हो जाए। इसलिए हमने बड़ी जिम्मेदारी से परीक्षा रद्द करने का फैसला लिया। अब यह परीक्षा रविवार 21 जून को होगी। 7 मई को गड़बड़ी का पता चला था। एनटीए ने सरकार को बताया। फिर 12 मई को रीएग्जाम का फैसला लिया गया। शिक्षा मंत्री ने कहा, 'रीएग्जाम में छात्रों को 15 मिनट का एक्स्ट्रा टाइम मिलेगा। छात्र रीएग्जाम में अपनी पसंद का सेंटर चुन पाएंगे।' इससे पहले 3 मई को यह एग्जाम देश के 551 और विदेशों के 14 शहरों में हुई था। इसके लिए 5400 से ज्यादा एग्जाम सेंटर्स बनाए गए थे। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, 'राधाकृष्ण समिति की सिफारिशों का पालन करने के बावजूद यह उल्लंघन कैसे हुआ। ऐसे में सरकारी मशीनरी यह सुनिश्चित करेगी कि इस बार कोई अनियमितता न हो। मंत्री के रूप में, अभिभावक के रूप में, अधिकारी के रूप में हमें परीक्षा रद्द करने का कठिन निर्णय लेना पड़ा। उन्होंने कहा कि हमें सुधारों के लिए कई सुझाव मिले हैं।

### नीट पेपर लीक में पुणे का केमेस्ट्री प्रोफेसर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** नीट (यूजी) पेपर लीक मामले में शुक्रवार को 8वीं गिरफ्तारी हुई। पुणे से केमेस्ट्री प्रोफेसर पीवी कुलकर्णी आरोप है कि उन्होंने परीक्षा से पहले स्टूडेंट्स को सवाल और उनके सही जवाब बता दिए थे। सीबीआई कुलकर्णी को ही लीक मामले का मास्टरमाइंड बता रही है। जांच एजेंसी के मुताबिक कुलकर्णी लातूर का रहने वाला हैं। केमिस्ट्री का डोमेन एक्सपर्ट हैं। कई सालों तक नीट पेपर तैयार करने वाले पैनल का हिस्सा भी रहा हैं। कुलकर्णी को पेपर तक सीधी पहुंच थी। वह पुणे में अपने घर पर कोचिंग क्लास चलाता था। जहां वो पहले ही नीट पेपर में आने वाले सवालों का जवाब कैंडिडेट्स को बता देता था। 3 मई के पेपर से पहले अप्रैल के आखिरी हफ्ते में आरोपी मनीषा वाघमारे की मदद से कई स्टूडेंट्स लीक पेपर दिया।

## मुख्यमंत्री की अभिनव पहल - राजस्थान यूनिफाइड नेटवर्क फॉर न्यू एक्शन (राज उन्नति)

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में राज उन्नति की 5वीं बैठक

## विकास कार्यों में देरी और लापरवाही बर्दाश्त नहीं,

### प्रोजेक्ट्स की टाइमलाइन एवं क्वालिटी सुनिश्चित करें अधिकारी-भजनलाल शर्मा



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में राज उन्नति की पांचवी बैठक में 7 विभागों की लगभग 33 हजार 39 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति को लेकर निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि परियोजनाओं को तय समयसीमा में धरातल पर उतारकर आमजन तक उसका लाभ पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों में लेटलतीफी ना करें तथा प्रोजेक्ट्स की टाइमलाइन एवं क्वालिटी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए पूरे प्रदेश में कहीं पर भी आमजन को पानी की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। सभी कलक्टर अपने जिले की पेयजल से जुड़ी शिकायतों का अतिशीघ्र निस्तारण करें।

**शीघ्र शुरू हो ई-बस, डिपो एवं चार्जिंग स्टेशन के काम को दें तेजी** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अपील के अनुरूप राष्ट्रहित में ईंधन की बचत एवं ऊर्जा संरक्षण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शीघ्र ही शुरू की जाने वाली ई-बसों के संचालन से शहरों में प्रदूषण कम होगा। साथ ही, पेट्रोल एवं डीजल की भी बचत होगी। उन्होंने मुख्य सचिव को निर्देश दिए कि परिवहन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर शीघ्र ई-बसों का संचालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, उन्होंने संबंधित शहरों में डिपो, चार्जिंग स्टेशन के कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि शहरी ट्रांसपोर्ट सेवाओं के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण के लिए जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा, अजमेर, बीकानेर और अलवर सहित प्रमुख शहरों में ई-बस संचालन किया जाएगा।

**प्रधानमंत्री की ईंधन संयम की अपील पर मुख्यमंत्री का बड़ा फैसला**

### जयपुर में होने वाला ग्राम-2026 अब 23-25 मई को नहीं होगा

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ईंधन की खपत में संयम बरतने की अपील के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए आगामी 23 से 25 मई तक जेईसीसी, जयपुर में प्रस्तावित ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम-2026) को कुछ समय के लिए स्थगित करने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री ने देशवासियों से पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का समझदारी से उपयोग करने का आग्रह किया है और सार्वजनिक परिवहन तथा कारपूलिंग अपनाने की सलाह दी है। इसे दृष्टिगत रखते हुए मुख्यमंत्री ने ग्राम जैसे बड़े आयोजन को स्थगित करने का फैसला किया, क्योंकि इस आयोजन में प्रदेश भर से बड़ी संख्या में किसान तथा देश-विदेश से कृषि विशेषज्ञ और उद्यमी शामिल होने वाले थे। इस निर्णय से अतिथियों के आवागमन और लॉजिस्टिक्स परिवहन में लगने वाला ईंधन बचाया जा सकेगा।

## जनगणना 2027 - मकान सूचीकरण एवं मकान गणना की शुरुआत

### घर आने वाले जनगणना कर्मियों का करें सहयोग

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान राज्य में जनगणना 2027 के प्रथम चरण (मकानसूचीकरण एवं मकानगणना) के अंतर्गत 'स्व गणना' का कार्य 1 मई, 2026 से 15 मई, 2026 तक सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है । इस प्रक्रिया में प्रदेश के लगभग 15 लाख परिवारों ने स्वयं अपनी सूचनाएँ दर्ज करने के विकल्प का उपयोग किया है । भारत में पहली बार मोबाइल ऐप के माध्यम से डिजिटल जनगणना की जा रही है। अधिसूचना के क्रम में, अब जनगणना का अगला चरण 16 मई से 14 जून तक संचालित किया जाएगा। जिसमें प्रगणक घर- घर जाकर जानकारी एकत्र करेंगे ।

जिन परिवारों ने स्व गणना की है, प्रगणक उनके द्वारा दी गई सूचनाओं की पुष्टि करेंगे एवं जिन परिवारों ने स्व गणना नहीं की है, उनसे प्रगणक सीधे प्रश्न पूछकर जानकारी पोर्टल पर दर्ज करेंगे। प्रगणक मकान की निर्माण सामग्री (फर्श, दीवार और छत),परिवार के मुखिया का विवरण, सदस्यों की कुल संख्या,पेयजल, प्रकाश, शौचालय और रसोईघर (एलपीजी/पीएनजी कनेक्शन) की उपलब्धता एवं संपत्ति और सुविधाएं जैसे टेलीविजन, इंटरनेट, लैपटॉप, वाहन (साइकिल, कार आदि) उपयोग किया जाने वाला मुख्य अनाज , संपर्क हेतु मोबाइल नंबर के सम्बन्ध में 33 प्रश्न पूछेंगे। आर्थिकी एवं सांख्यिकी निदेशालय के निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव विनेश सिंघवी ने प्रदेशवासियों से अनुरोध किया है कि जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन के लिए घर आने वाले जनगणना कर्मियों को पूर्ण सहयोग प्रदान करें । नागरिकों से अपेक्षा है कि वे प्रगणकों को सही एवं स्पष्ट सूचना उपलब्ध कराएं और उन्हें मकान या परिसर में प्रवेश की अनुमति दें ।

## पेनल्टी कॉर्नर




## पटेला री पोल

संकट बढ़ गया तेल का, यह सब युद्ध का खेल
कब तक चलती व्यवस्था, सिस्टम होना ही था फेल
क्या-क्या दिखेंगे अब दिन, यह किसी को नहीं पता
ट्रंप को भी क्या कुछ बोले, सारी उसी की है खता

..मुखिया जी

## भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश चौधरी आज फलोदी में किसान सम्मेलन और रात्रि चौपाल को करेंगे संबोधित

**फलोदी (हुक्मनामा समाचार)।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा, जोधपुर देहात उत्तर की ओर से आज 16 मई, दोपहर 3 बजे फलोदी के टाउन हॉल में किसान सम्मेलन, जिला बैठक और रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा। मुख्य वक्ता भाजपा किसान मोर्चा के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष कैलाश चौधरी होंगे। इसके बाद बाप गाँव में रात्रि चौपाल लगाई जाएगी, जहाँ किसानों की समस्याएँ सुनकर त्वरित निस्तारण का प्रयास किया जाएगा। स्थानीय विधायक, जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी व किसान भाइयों से अधिकाधिक उपस्थित रहने की अपील की गई है।

## बाड़मेर जिले में ग्राम रथ अभियान के तहत योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार

### एलईडी स्क्रीन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से ग्रामीणों को किया जागरूक

**बाड़मेर, फलोदी (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं जनहितकारी संदेशों को आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित ग्राम रथ अभियान के तहत शुक्रवार, 15 मई को बाड़मेर जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के अंतर्गत एलईडी स्क्रीन युक्त विकास रथों एवं कला जत्थों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं की जानकारी पहुंचाई गई तथा लोगों को सरकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार ने बताया कि ग्राम रथ अभियान का उद्देश्य राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, जनसेवाओं तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े संदेशों को गांव-गांव तक पहुंचाना है, ताकि ग्रामीण क्षेत्र का प्रत्येक पात्र व्यक्ति योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ उठा सके। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक एवं सांस्कृतिक माध्यमों के समन्वय से संचालित यह अभियान ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ाने में प्रभावी साबित हो रहा है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को बाड़मेर विधानसभा क्षेत्र के भाडखा, कपूरड़ी, मूंडो की ढाणी एवं बांदरा ग्रामों में विकास रथों के माध्यम से विभिन्न योजनाओं से संबंधित लघु फिल्में, डॉक्यूमेंट्री तथा जनहित संदेशों का प्रदर्शन किया गया। इसी प्रकार शिव विधानसभा क्षेत्र के खानियानी, रावतसर, खलीफे की बावड़ी एवं शहदाद का पार में ग्रामीणों ने एलईडी स्क्रीन के माध्यम से योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा अभियान के प्रति उत्साह दिखाया।

## शनिवार को इन ग्राम पंचायतों पर आयोजित होगें

**बाड़मेर, (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित ग्राम रथ अभियान के तहत शनिवार, 16 मई को जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं नगरीय क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के अंतर्गत आधुनिक तकनीक से सुसज्जित ग्राम रथों, एलईडी स्क्रीन तथा कला जत्थों के माध्यम से आमजन को राज्य सरकार की योजनाओं, सेवाओं एवं जनहित संदेशों की जानकारी सरल, आकर्षक एवं प्रभावी ढंग से दी जाएगी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार ने बताया कि बाड़मेर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कवास, भूरटीया, रावतसर एवं चवा में विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसी प्रकार शिव विधानसभा क्षेत्र की लक्ष्मीपुरा, मुंगेरिया, राणेजी की बस्ती एवं जुनेजों की बस्ती ग्राम पंचायतों में ग्राम रथों एवं कला जत्थों द्वारा योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चौहटन विधानसभा क्षेत्र की मुकने का तला, पंवारिया तला एवं पुराणियों का तला तथा गुड़ामालानी विधानसभा क्षेत्र की अर्जुन की ढाणी, मिठीबेरी, मालपुरा एवं धोलपालिया नाडा ग्राम पंचायतों में भी ग्राम रथ अभियान के तहत जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

## तंत्र-मंत्र के नाम पर 11 वर्षीय मासूम बालक की बेरहमी से हत्या

**सोजत (हुक्मनामा समाचार)।** उपखंड के शिवपुरा थाना क्षेत्र स्थित रामासनी सांदवान गांव में गुरुवार देर शाम इंसानियत को झकझोर देने वाली घटना सामने आई। 11 वर्षीय मासूम बालक की तंत्र-मंत्र के नाम पर बेरहमी से हत्या कर दी गई। पुलिस ने मामले में गांव के ही 30 वर्षीय युवक को हिरासत में लिया है, जिसने पूछताछ में हत्या करना कबूल कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी अविवाहित है और लंबे समय से तंत्र-मंत्र के चक्कर में पड़ा हुआ था। प्रारंभिक पूछताछ में उसने बताया कि उसकी शादी नहीं हो रही थी। एक तांत्रिक ने उसे नरबलि देने पर शादी होने का झांसा दिया था। इसी के चलते वह कई दिनों से गांव के एक 11 वर्षीय बच्चे की रैकी कर रहा था। गुरुवार दोपहर मदरसे से घर लौट रहे मासूम को आरोपी बहला-फुसलाकर गांव के बाहर तालाब की पाल के पास झाड़ियों में ले गया। वहां उसने बच्चे के हाथ-पैर और मुंह बांध दिए तथा कथित तांत्रिक क्रिया करने के बाद धारदार हथियार से उसका गला काट दिया। घटनास्थल पर टूटी मटकी, लकड़ी और तंत्र-मंत्र में उपयोग होने वाला सामान भी मिला है। मृतक के दादा ने बताया कि हत्या के बाद आरोपी खुद उनके घर आया और बोला कि किसी ने बच्चे की हत्या कर दी है। जब परिवार मौके पर पहुंचा तो गांव से करीब 500 मीटर दूर तालाब की पाल पर बच्चे का शव पड़ा मिला। बाद में आरोपी की गतिविधियों और खून से सने कपड़े बदलने पर ग्रामीणों व पुलिस को उस पर शक हुआ।

## पीएम श्री विद्यालय में विद्यार्थियों को दिखाई गई 'मस्ती, दोस्ती और मतदान' फिल्म

**बालोतरा, (हुक्मनामा समाचार)।** लोकतांत्रिक मूल्यों एवं मतदान के प्रति युवाओं में जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सरवड़ी पुरोहितान में शुक्रवार को ईएलसी क्लब के तत्वावधान में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को 'मस्ती, दोस्ती और मतदान' लघु फिल्म का प्रदर्शन कर मतदान के महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मतदान की प्रक्रिया, मतदाता के अधिकार एवं लोकतंत्र में मतदान की भूमिका के बारे में सरल एवं रोचक तरीके से समझाया गया। फिल्म के माध्यम से युवाओं को यह संदेश दिया गया कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी आवश्यक है तथा युवाओं की सक्रिय सहभागिता से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। ईएलसी प्रभारी कंवरलाल बिश्नोई ने बताया कि विद्यालय स्तर पर इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रारंभिक अवस्था से ही लोकतांत्रिक चेतना विकसित करना है, ताकि भविष्य में वे जिम्मेदार एवं जागरूक मतदाता बन सकें।

### मोखेरी गांव में डर का माहौल

# बच्चियों से अभद्रता और लगातार चोरियों से ग्रामीणों में आक्रोश



**फलोदी (हुक्मनामा समाचार)।** जिले की मोखेरी ग्राम पंचायत इन दिनों भय और असुरक्षा के माहौल से गुजर रही है। गांव में लगातार हो रही चोरी की वारदातों और स्कूल जाती बच्चियों के साथ मनचलों द्वारा अभद्र व्यवहार किए जाने से ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। परेशान ग्रामीणों ने सैकड़ों की संख्या में जिला कलेक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव की छात्राएं जब स्कूल जाती हैं तो रास्ते में कुछ युवक उनके ऊपर फब्तियां कसते हैं और अभद्र व्यवहार करते हैं। इससे बच्चियों और उनके परिवारों में भय का माहौल है। वहीं दूसरी ओर गांव में लगातार चोरी की घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं। हाल ही में एक ही रात में कई घरों के ताले तोड़कर लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया गया। पीड़ित परिवारों का कहना है कि चोर घरों में माचिस तक नहीं छोड़कर गए। इसके अलावा मोटरसाइकिल चोरी, केबल चोरी और मंदिरों में चोरी की घटनाओं ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है।

ग्रामीणों ने ज्ञापन में मांग की कि गांव में रात्रि गश्त बढ़ाई जाए, आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए तथा प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो गांववासी आंदोलन और धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

ज्ञापन देने पहुंचे ग्रामीणों से पुलिस अधीक्षक सतनाम सिंह ने स्वयं बाहर आकर मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह एवं एसपी सतनाम सिंह ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि गांव में पुलिस गश्त बढ़ाई जाएगी तथा चोरी की वारदातों के खुलासे के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। प्रशासन ने ग्रामीणों से भी सतर्क रहने और संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना पुलिस को देने की अपील की।

## भारती एयरटेल फाउंडेशन के पांच वर्षीय शैक्षणिक सहयोग कार्यक्रम का हुआ समापन




**बालेसर (हुक्मनामा समाचार)।** शिक्षा के क्षेत्र में पिछले पांच वर्षो से चल रहे सहयोग एवं विकास की यात्रा को सम्मानपूर्वक याद करते हुए बालेसर ब्लॉक के 6 विधालयों एवं सेखाला ब्लॉक के 4 विधालयों के लिए कार्यक्रम राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय खारी बेरी में आयोजन किया गया । समारोह में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी-बालेसर ओमकारमल शर्मा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी-सेखाला डूंगर राम सुथार, भारती एयरटेल फाउंडेशन के रीजनल हेड संदीप सारदा, सईद वसीम, स्थानीय विद्यालय की पी.ई.ई.ओ. वरुणा गोयल एवं 10 विद्यालयों के 20 प्रधानाचार्य एवं शिक्षकगण की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को स्मृति चिन्ह एवं वार्षिक प्रतिवेदन दिए । मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी-बालेसर ओमकारमल शर्मा एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी-सेखाला डूंगर राम सुथार ने विधालयों की ओर से भारती एयरटेल फाउंडेशन को निरंतर सहयोग, शैक्षिणिक विकास एवं विद्यालयों में सकारात्मक परिवर्तन को लेकर प्रशंसा पत्र दिए । सहभागी विधालयों द्वारा कार्यक्रम पूर्णता पत्र भी दिए और सभी नवाचारों की सहराना की । समारोह में विधालय प्रधानों एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी की ओर से अनुभव साझा किये जिनमें पिछले पांच वर्षों के दौरान विधालय में हुए सकारात्मक बदलाव, विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में सुधार तथा विभिन नवाचारों की सहराना की ।वक्ताओं ने कहा यह सहयोग केवल एक परियोजना नहीं, बल्कि विधालयों के साथ विश्वास, सीखनेऔर विकास की साझेदारी रही है ।विधालय परिवार एवं भारती एयरटेल फाउंडेशन ने पांच वर्षो की इस सफल यात्रा को याद करते हुए अपने अनुभव साझा किये ।

## जिला कलक्टर ने ली जिला सड़क सुरक्षा समिति बैठक

**जैसलमेर।** जिला कलक्टर अनुपमा जोरवाल ने जिला सडक सुरक्षा समिति से जुडे अधिकारियो को निर्देश दिए कि वे सडक सुरक्षा के उपायो के संबंध दिए निर्देशों की गभींरता से समय पर पालना सुनिश्चित करें। उन्होने एनएचएआई के अधिकारीं को निर्देश दिए कि वे टोल नाका तनोट सडक पर टोल प्लाजा की कार्ययोजना बनाकर रामगढ व लाणेला में स्थाई व्यवस्था सुनिश्त करे। इसके साथ डाबला में जल भराव की समस्या के समाधन के लिए पुलिया निर्माण की कार्ययोजना बनाकर स्वीकृत कराने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने शुक्रवार को जिला कलेक्ट्री सभागार में आयोजित जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक में यह निर्देश दिए। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक शिवहरे के साथ ही अन्य सम्बधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### सगरां में पानी को लेकर उबाल

# ग्राम रथ को काले झंडे, जिम्मेदारों ने झाड़ा पल्ला



**देचू (हुक्मनामा समाचार)।** लोहावट विधानसभा क्षेत्र के देचू उपखंड के सगरां गांव में पेयजल संकट को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा आखिरकार सड़क पर फूट पड़ा। ग्राम रथ अभियान के दौरान ग्रामीणों ने काले झंडे दिखाकर विरोध जताया और लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या पर प्रशासन के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की। वायरल वीडियो में ग्रामीण साफ तौर पर पानी की समस्या को लेकर आक्रोश जताते नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायतों और गुहार के बावजूद गांव में पेयजल व्यवस्था सुधारने की दिशा में कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया।

भीषण गर्मी में पानी के लिए जूझ रहे लोगों का सब्र अब जवाब देने लगा है। मामले को लेकर अभियान के सहायक प्रभारी एवं एबीडीओ प्रेमाराम ने विरोध को हल्का बताते हुए कहा कि कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया था तथा विरोध करने वाले कुछ लोग 'ओरण बचाओ' मुद्दे से जुड़े थे। वहीं जब प्रभारी अधिकारी एवं बीडीओ देचू ईश्वर सिंह से पक्ष जानने के लिए संपर्क किया गया तो उन्होंने वीसी में व्यस्त होने का हवाला देते हुए फोन काट दिया। ऐसे में सवाल खड़े हो रहे हैं कि आखिर ग्रामीणों की मूल समस्या पर जिम्मेदार अधिकारी जवाब देने से क्यों बच रहे हैं? गौरतलब है कि ग्राम रथ अभियान का उद्देश्य गांव-गांव जाकर आमजन की समस्याएं सुनना और उनका समाधान करना बताया जा रहा है, लेकिन सगरां में ग्रामीणों का विरोध प्रशासनिक दावों की हकीकत उजागर करता नजर आया।

## आज से हर घर पहुंचेगे प्रगणक, जनगणना 2027 के तहत होगा मकान सूचीकरण कार्य

**बालोतरा, (हुक्मनामा समाचार)।** भारत जनगणना 2027 के अंतर्गत सिवाना क्षेत्र में 16 मई से 14 जून 2026 तक मकान सूचीकरण एवं जनगणना का प्रथम चरण प्रारंभ किया जाएगा। इस दौरान प्रगणक घर-घर पहुंचकर मकानों का सूचीकरण करने के साथ परिवारों से सामान्य जानकारी प्राप्त कर डिजिटल पोर्टल पर जनगणना संबंधी आंकड़े दर्ज करेंगे। जनगणना अभियान को लेकर क्षेत्र में व्यापक उत्साह देखा जा रहा है। 'हमारी जनगणना, हमारा विकास' की भावना के साथ प्रत्येक नागरिक तक पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। जनगणना को समावेशी विकास की आधारशिला बताते हुए अधिकारियों ने आमजन से सहयोग की अपील की है।

सिवाना जनगणना चार्ज अधिकारी रायचंद देवासी ने बताया कि जनगणना के प्रथम चरण मकान सूचीकरण कार्य के लिए तहसील सिवाना क्षेत्र के 262 ब्लॉकों में 262 प्रगणक एवं 40 सुपरवाइजर्स नियुक्त किए गए हैं। इन सभी कार्मिकों को संबंधित एचएलबी एवं सुपरवाईजरी सर्कल आवंटित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 1 मई से 15 मई तक सिवाना ब्लॉक के 25 से अधिक ब्लॉकों में स्व-गणना का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। अब प्रगणक संबंधित घरों का भौतिक सत्यापन भी करेंगे, जिससे आंकड़ों की सटीकता सुनिश्चित की जा सके।

चार्ज अधिकारी ने बताया कि 16 मई को डॉ. लक्ष्मीमल सिंघवी ऑडिटोरियम, नगर पालिका सिवाना में सभी प्रगणकों एवं सुपरवाइजर्स को जनगणना किट, नियुक्ति पत्र, पहचान पत्र, नजरी नक्शा का रिक्त प्रारूप, गूगल नक्शा सहित आवश्यक सामग्री वितरित की जाएगी। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि प्रगणकों को सही एवं आवश्यक जानकारी उपलब्ध करवाकर जनगणना कार्य में सहयोग करें, ताकि विकास योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जा सके।

## जिला कांग्रेस संगठन में बाप क्षेत्र की बढ़ी भागीदारी



**बाप (हुक्मनामा समाचार)।** फलोदी जिला कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी घोषित होने के बाद बाप क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा की अनुशंसा पर संगठन महासचिव ललित तुनवल ने नई जिला कार्यकारिणी की सूची जारी की। घोषित कार्यकारिणी में बाप क्षेत्र से मोडकिया निवासी फरसाराम विश्नोई को जिला उपाध्यक्ष, टेकरा निवासी भंवरलाल सुथार व बाप निवासी गोपाल भट्टड़ को जिला महासचिव तथा बाप निवासी देवीलाल पालीवाल व मेहबूब कलर को जिला सचिव बनाया गया है। क्षेत्र के नेताओं को संगठन में जिम्मेदारी मिलने पर समर्थकों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने तथा कांग्रेस की रीति-नीति को गांव-ढाणियों तक पहुंचाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य किया जाएगा।

## बजाज जनरल इंश्योरेंस ने राजस्थान में पर्सनल एक्सीडेंट बीमा धोखाधड़ी का किया भंडाफोड़

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड ने राजस्थान के कई जिलों में पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस पॉलिसियों से जुड़ी एक बड़े स्तर की संगठित धोखाधड़ी का खुलासा किया है। कंपनी द्वारा की गई गहन जांच में सामने आया कि एजेंटों का एक नेटवर्क समाज के कमजोर और गंभीर रूप से बीमार लोगों को निशाना बनाकर उनकी जानकारी या सहमति के बिना बीमा पॉलिसियां जारी कराता था। बाद में इन मामलों में प्राकृतिक मृत्यु को दुर्घटना दर्शाने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार कर भारी बीमा क्लेम दाखिल किए जाते थे। जांच के दौरान अजमेर, ब्यावर, भीलवाड़ा, बूंदी, चित्तौड़गढ़ और राजसमंद जिलों में संदिग्ध गतिविधियों का पता चला। कई मामलों में यह पाया गया कि पॉलिसीधारकों ने स्वयं पॉलिसी खरीदी ही नहीं थी, बल्कि एजेंटों ने गलत पते, छिपी हुई मेडिकल हिस्ट्री और जाली दस्तावेजों के आधार पर पॉलिसियां जारी कराईं। यह गिरोह ऐसे लोगों को निशाना बनाता था जिनकी स्वास्थ्य स्थिति बेहद गंभीर थी और जिनकी मृत्यु की आशंका कम समय में थी, ताकि जल्द ही फर्जी क्लेम दाखिल कर बड़ी बीमा राशि हासिल की जा सके। मामले की गंभीरता को देखते हुए कंपनी ने सभी सबूत जयपुर स्थित पुलिस मुख्यालय को सौंप दिए हैं। अजमेर और उदयपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षकों को आरोपियों की पहचान कर विस्तृत जांच शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही पुलिस उपमहानिरीक्षक की निगरानी में एक विशेष जांच दल भी गठित किया गया है।

## शनिवार एवं रविवार को इन ग्राम पंचायतों में पहुंचेगा ग्राम रथ

**जैसलमेर।** जिले में चल रहे एलईडी वैन आधारित "ग्राम रथ" आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यो की जानकारी के लिए अत्यंत लाभदायी सिद्व हो रहा है।

जिला कलक्टर अनुपमा जोरवाल ने बताया कि जिले में ग्रामीण रथ के लिए जारी किये गए कार्यक्रम के अनुसार शनिवार 16 मई को सगरों की बस्ती, सम, तुर्के की बस्ती एवं सियाम्बर में ग्राम रथ जायेगा। इसी प्रकार रविवार 17 मई को ग्राम पंचयात उण्डा, मण्डाई, कोडियासर एवं पाबनासर में ग्राम रथ जायेगा एवं सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेगा।

इसी प्रकार पोकरण विधानसभा क्षेत्र में शनिवार 16 मई को बान्धेवा, जोगराजगढ, गुन्दाला एव धोलासर तथा रविवार 17 मई को रावतपुरा, नेतासर, सोहनपुरा एवं चांदनी मेघासर ग्राम पंचायत में ग्राम रथ जायेगा एवं सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेगा।

# हुक्काबार पर पुलिस की रेड, संचालक गिरफ्तार, 18 युवा नशा करते मिले

## बड़ी मात्रा में अवैध शराब और बीयर केन बरामद

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** शहर में प्रतापनगर सदर थाना क्षेत्र में नौवीं चौपासनी रोड पर 7वीं मंजिल के रूफ टॉप पर चल रहे सीओ-3 कैफे पर पुलिस ने दबिश देकर अवैध हुक्का बार का भंडाफोड़ किया। कार्रवाई के दौरान 18 युवाओं को हिरासत में लिया गया, जबकि कैफे संचालक को गिरफ्तार कर बड़ी मात्रा में शराब, बीयर कैन, हुक्के और धूम्रपान सामग्री जब्त की गई। एडीसीपी रविन्द्र बोथरा ने बताया कि कैफे में लंबे समय से चोरी-छिपे शराब और हुक्का परोसे जाने की शिकायतें मिल रही थीं। संचालक ने पुलिस की हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए पूरे परिसर के बाहर सीसीटीवी कैमरों का जाल बिछा रखा था। जैसे ही पुलिस की भनक लगती, कर्मचारी तुरंत हुक्के और शराब हटाकर शटर बंद कर देते थे। गुरुवार रात एडीसीपी रविन्द्र बोथरा और थानाधिकारी गोविंद व्यास की अगुवाई में पुलिस टीम कैफे पहुंची तो संचालक को भनक लग गई।

पुलिस को ऊपर पहुंचने से रोकने के लिए लिफ्ट का स्विच बंद कर दिया। कैफे रूफ टॉप पर चल रहा था। इसलिए पुलिस को सीढियों से ऊपर पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस को कैफे के बाहर भारी शोरगुल सुनाई दिया तो अतिरिक्त जाब्ता और चेतक टीम भी बुलानी पड़ी। जब पुलिस दरवाजे तक पहुंची तो अंदर से शटर गिरा दिया गया। काफी देर तक मशक्कत और दबाव के बाद दरवाजा खुलवाया गया। अंदर का नजारा देखकर पुलिस भी चौंक गई। अलग-अलग टेबलों पर युवा हुक्के के कश लगाते और शराब पार्टी करते मिले। बीयर कैन, शराब की बोतलें और हुक्के बरामद तलाशी के दौरान पुलिस ने 52 बीयर कैन, 20 शराब की बोतलें, चार बड़े और दो छोटे हुक्के, चिलम, पाइप सहित भारी मात्रा में धूम्रपान सामग्री बरामद की। मौके से चार वाहन भी जब्त किए गए। जांच में सामने आया कि कैफे संचालक बिना लाइसेंस हुक्का और अन्य धूम्रपान सामग्री का भंडारण कर ग्राहकों को उपलब्ध करवा रहा था। निर्धारित सीमा से अधिक शराब रखने और



परोसने पर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।पुलिस ने कैफे संचालक दिलीप नगर लालसागर, हाल सीओ-3 कैफे रेस्टोरेंट निवासी दीपांशु पुत्र लक्ष्मीचंद जैन को गिरफ्तार कर लिया। वहीं मौके पर मौजूद 18 युवाओं को शांति में पकड़ा गया। कैफे संचालक को शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। वहीं, युवाओं को जमानत पर छोड़ दिया गया।

## रेल सुरक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: एडीआरएम




**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल की ओर से मकराना रेलवे स्टेशन पर संरक्षा सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक करनी राम ने कहा कि रेलवे में संरक्षा सर्वोपरि है और जीरो एक्सीडेंट रेलवे का मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर सुरक्षा से समझौता नहीं किया जाएगा तथा हर रेलकर्मी को पूरी जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ कार्य करना होगा। सेमिनार में उन्होंने कहा कि छोटी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है,इसलिए सभी कर्मचारी अपने दायित्वों को मिशन भावना के साथ निभाएं। सेमिनार में वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी रामनिवास जाट ने स्पाड से बचाव, लेवल क्रॉसिंग सुरक्षा और अग्निशमन उपायों की जानकारी दी। सहायक परिचालन प्रबंधक दलपत सिंह चौहान ने शंटिंग, पॉइंट ऑपरेशन और सिग्नल सिस्टम में बरती जाने वाली सावधानियों पर प्रकाश डाला। डेगाना के सहायक मंडल इंजीनियर विपिन शर्मा ने ट्रैक पेट्रोलिंग,टूटी पटरी की तत्काल सूचना देने और मानसून के दौरान ट्रैक सुरक्षा बनाए रखने के निर्देश दिए। वहीं संकेत एवं दूरसंचार विभाग के अधिकारियों ने सिग्नल फेल्योर, पैनल ऑपरेशन और संचार व्यवस्था को दुरुस्त रखने के उपाय समझाए। सेमिनार में कीमैन को नियमित ट्रैक जांच और गेटमैन को अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए।

## स्वगणना अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच प्रगणक सम्मानित

### आज से शुरू होगा जनगणना 2027 का मकान सूचीकरण कार्य

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण अर्थात् मकान सूचीकरण एवं मकानों की स्वगणना अभियान के तहत 01 मई से 15 मई 2026 तक आमजन को जागरूक कर शत-प्रतिशत स्वगणना सुनिश्चित करवाने वाले 5 प्रगणकों को शुक्रवार को सम्मानित किया गया। प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर आलोक रंजन द्वारा प्रगणक फखरूद्दीन (तहसील पीपाड़ सिटी), ओम प्रकाश (तहसील लूणी), विक्रम सिंह (नगरपालिका बालेसर), अनिल कुमार (तहसील लूणी) एवं बिन्जाराम (तहसील लूणी) को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला कलक्टर आलोक रंजन ने कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं का आधार



है तथा इसमें प्रत्येक नागरिक की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने जनगणना कार्य में लगे कार्मिकों की सराहना करते हुए इसे प्रशासन और आमजन के सहयोग का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। कार्यक्रम में जिला जनगणना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) जवाहर चौधरी तथा उप जिला जनगणना अधिकारी एवं संयुक्त निदेशक, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, जोधपुर मीनाक्षी चौधरी उपस्थित रहे।

मीनाक्षी चौधरी ने बताया कि जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 16 मई से 14 जून तक किया जाएगा। इसके तहत राज्य सरकार एवं प्रशासन द्वारा नियुक्त प्रगणक घर-घर जाकर अपने आवंटित क्षेत्र में मकानों की सूची तैयार करेंगे। उन्होंने बताया कि मकान सूचीकरण के दौरान प्रगणक अपने क्षेत्र का नजरी नक्शा तैयार करेंगे तथा प्रत्येक मकान एवं भवन को श्रेणीवार चिन्हित करेंगे। साथ ही प्रत्येक आवास से संबंधित कुल 34 प्रश्न पूछे जाएंगे। इस कार्य के लिए जोधपुर जिले में कुल 3663 प्रगणक एवं 635 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं तथा सभी को नियमानुसार प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा चुका है।

## शनि जयंती आज, मंदिरों में होंगे विशेष धार्मिक आयोजन

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भगवान शनिदेव की जयंती शनिवार को शहर में धूमधाम से मनाई जाएगी। इस दौरान मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन होंगे। शास्त्री नगर स्थित शनिधाम में शनि जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर के महंत पंडित हेमंत बोहरा ने बताया कि 13 वर्षों बाद शनिवार को शनि जयंती आई है जो सभी के लिए शुभ फलदायक है। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक मनोरथों के आयोजन होंगे। रात आठ बजे महाआरती होगी। आरती के पश्चात् भोजन प्रसादी भण्डारा होगा। मन्दिर में दर्शन सुबह छह बजे से रात बारह बजे तक खुले रहेंगे। वहीं चौपासनी रोड स्थित जूनाखेड़ापति हनुमान मंदिर में भगवान शनिदेव की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। ट्रस्ट के अध्यक्ष कमलेश पुरोहित ने बताया कि शनिवार को सुबह 10 बजे भगवान शनिदेव का सामूहिक तेलाभिषेक किया जाएगा। वहीं शाम 7.30 बजे प्रसिद्ध भजन गायक डॉ. इंद्रजीत छंगाणी के सान्निध्य में सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह प्रताप नगर स्थित हनुमान शानिधाम शनि जयंती 16 मई को धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। मंदिर के पुजारी गोपाल महाराज ने बताया कि हनुमान शनि धाम में दिनभर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सुबह मन्दिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया जाएगा। उसके बाद सुबह 10.30 बजे सर्व बाधा निवारण हवन का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर पर दर्शनार्थ आने वाले भक्तों को 23 हजार मंत्रों से सिद्ध शनि मुद्रिकाएं निशुल्क दी जाएगी। दोपहर सवा बारह बजे 251 किलो मालपुओं का भोग लगाया जाएगा। भोग के बाद प्रसादी भक्तों में वितरित की जाएगी। दोपहर बाद भक्ति संगीत का कार्यक्रम होगा, जिसमें भजन गायक विक्की मनचला, सुरेश राव तथा राजेश गुप्ता एवं उनके साथियों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।




## रिटायर्ड वायुसेना अधिकारी को हाईकोर्ट से मिला न्याय, 38 वर्ष किया संघर्ष

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर मुख्यपीठ ने वायुसेना में 39 साल सेवा करने वाले रिटायर्ड स्क्वाड्रन लीडर की याचिका पर अहम फैसला सुनाया है। जस्टिस विनीत कुमार माथुर और जस्टिस सुनील बेनीवाल की खंडपीठ ने यह फैसला सुनाते हुए सशस्त्र बल न्यायाधिकरण (एएफटी) की क्षेत्रीय पीठ जयपुर के मूल और रिव्यू आदेशों को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने केंद्र सरकार को आदेश दिया कि वे अधिकारी को फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर नियुक्ति के साथ दो अतिरिक्त वेतन वृद्धि (इंक्रीमेंट) का लाभ दें। साथ ही एरियर सहित सभी बकाया लाभों का भुगतान 6 महीने में करने का निर्देश दिया। जोधपुर के शांति प्रिय नगर निवासी रिटायर्ड स्क्वाड्रन लीडर सी. सिंह (75) ने कोर्ट में अपने केस की पैरवी खुद की। याचिकाकर्ता ने 21 जनवरी 1966 को वायुसेना जॉइन की थी। करीब 22 साल एयरमैन के रूप में सेवा देने के बाद 17 दिसंबर 1988 को उन्हें फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर कमीशन किया गया था। यहीं से वेतन विसंगति का मामला शुरू हुआ। याचिकाकर्ता सी. सिंह ने पहले इंटरनल विभाग में शिकायत की। फिर हाईकोर्ट गए। एक बार हाईकोर्ट ने वापस एयरफोर्स ट्रिब्यूनल को भेज दिया। फिर कई साल तक वहां अटका रहा। याचिकाकर्ता सी. सिंह ने लगातार फॉलो किया, तो एएफटी की जयपुर पीठ ने खारिज कर दिया और रिव्यू के लिए कहा। बाद में उसे भी खारिज कर दिया। इसके बाद याचिकाकर्ता सी. सिंह वर्ष 2022 में हाईकोर्ट डिवीजन बेंच में गए। अब करीब 38 साल बाद हाईकोर्ट का फैसले में राहत मिली। सिंह 31 अगस्त 2004 को रिटायर हुए थे। **यह थी विवाद की मुख्य वजह** विवाद की मुख्य वजह वायुसेना का नियम (एएफआई 48/75) था। इस नियम के अनुसार 8 साल से अधिक सेवा दे चुके एयरमैन को अफसर पद पर प्रमोट करने पर फॉर द पर्पज ऑफ पे ओनली यानी केवल वेतन निर्धारण के उद्देश्य से दो साल की पूर्व-तारीख की वरिष्ठता दी जानी चाहिए थी।

# जोधपुर में श्रद्धापूर्वक मनाई पूर्व उपराष्ट्रपति शेखावत की पुण्यतिथि

## भाजपा ने प्रतिमा पर अर्पित की पुष्पांजलि

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** पूर्व उपराष्ट्रपति एवं राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री, भैरासिंह शेखावत 'बाबोसा' की पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी जोधपुर शहर जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पालीवाल के निर्देशानुसार शुक्रवार को रातानाडा चौराहा स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा संभाग मीडिया प्रभारी जगदीश धाणदिया ने बताया कि कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने बाबोसा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने 'बाबोसा अमर रहें' के नारों के साथ उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सूरसागर विधायक देवेन्द्र जोशी ने कहा कि स्वर्गीय भैरोंसिंह शेखावत ने अपने राजनीतिक जीवन में सदैव अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए कार्य किया। उनका संपूर्ण जीवन सेवा, संघर्ष और जनसमर्पण का प्रतीक रहा है।

उन्होंने कहा कि बाबोसा की कार्यशैली और जनसंपर्क आज भी भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।शहर विधायक अतुल भंसाली ने कहा कि भैरोंसिंह शेखावत ने राजस्थान की राजनीति को नई दिशा देने के साथ सुशासन की मजबूत नींव रखी। उन्होंने गरीब, किसान और आमजन के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राजनीति में आदर्श स्थापित किए। जिला महामंत्री ओमप्रकाश दैया ने कहा कि बाबोसा का व्यक्तित्व अत्यंत सरल, सौम्य एवं कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने वाला था। उन्होंने हमेशा संगठन को मजबूत करने एवं समाज के हर वर्ग को जोड़ने का कार्य किया।जिला महामंत्री प्रतिपाल सिंह वालेचा ने कहा कि शेखावत का जीवन युवाओं एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायी है। उनके सिद्धांत, विचार और संगठन के प्रति समर्पण को सदैव स्मरण रखा जाएगा।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अजय त्रिवेदी ने बताया कि कार्यक्रम में भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र कुमावत, जिला महामंत्री गौरव



जैन, पूर्व महापौर घनश्याम ओझा, मेघराज लोहिया, पवन आसोपा, राकेश बागरेचा, अजय त्रिवेदी, कैलाश गौड़, शशि प्रजापत, राम प्रकाश चौधरी, संपत सिंह, माधवी सोलंकी, रणजीत सिंह ज्याणी, हरि सिंह, सुनील भाटी, पंकज भाटी, अमित सिंघाटिया, पुजा सुराणा, राजेश सिंह कच्छवाह, मनीष शर्मा, रानूलाल राठी, जगदीश नायक, संजू व्यास सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, मंडल पदाधिकारी, मोर्चा पदाधिकारी, पार्षदगण, पार्षद प्रत्याशी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दुष्कर्म मामले में कार्रवाई नहीं होने पर महिला ने दी जान

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले खेड़ापा थाना में दर्ज दुष्कर्म व ब्लैकमेल के एक मामले में पुलिस कार्रवाई नहीं होने से परेशान एक महिला ने कथित रूप से आत्महत्या कर ली। मृतक महिला पीड़िता की बहन है। पीड़िता ने भी करीब एक माह पूर्व आत्महत्या कर ली थी। जानकारी के अनुसार पांच-छह युवकों के खिलाफ दुष्कर्म व ब्लैकमेल का मामला दर्ज कराया गया था, लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से महिला मानसिक रूप से परेशान थी। बताया जा रहा है कि महिला पहले आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पानी की टंकी पर चढ़ गई। परिजनों का आरोप है कि सूचना के बावजूद पुलिस-प्रशासन मौके पर नहीं पहुंचा। इसी दौरान महिला ने टंकी पर ही जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगडने् पर उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। महिला का शव फिलहाल एमजीएच की मोर्चरी में रखवाया गया है। परिजनों ने खेड़ापा पुलिस पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि मुकदमा दर्ज होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे महिला आहत थी।

## केमिकल से भरा टैंकर पलटा, झाड़ियों में लगी आग

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के निकटवर्ती केरू क्षेत्र में शुक्रवार अलसुबह कांदला से पंजाब की तरफ जा रहा केमिकल से भरा एक टैंकर पलट गया। टैंकर पलटने से उसमें से निकले केमिकल से आसपास की झाड़ियों में आग लग गई। हादसे की सूचना पर राजीव गांधी नगर पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई की। दोपहर तक टैंकर को सीधा करवा कर पुलिस थाने लाया गया। पुलिस की तरफ से अग्रिम कार्रवाई जारी है। टैंकर में दवाई में प्रयोग होना केमिकल बताया गया है। थानाधिकारी रविंद्रपाल सिंह ने बताया कि सुबह के समय सूचना मिली कि केरू हाइवे पर क केमिकल का टैंकर पलट गया है। इस पर पुलिस थाने के एसआई पिंटू कुमार, एएसआई रामनारायण एवं कांस्टेबल नरपत सिंह आदि वहां पहुंचे। टैंकर से कुछ केमिकल का रिसाव होने से आस पास की झाड़ियों में आग लगी थी जिसे बाद में बुझा दिया गया। थानाधिकारी ने बताया कि टैंकर का चालक गाड़ी को लेकर कांदला से रवाना होकर पंजाब की तरफ जा रहा था। जोधपुर के केरू हाइवे पर पहुंचने पर चालक भोमाराम को संभवत: नींद की झपकी आई और वह पलट गया। कोई हताहत नहीं हुआ है। टैंकर को सीधा करवा कर थाने में फिलहाल रखवाया गया है। जांच पड़ताल के बाद रवाना कर दिया जाएगा।

## भाई पर फर्जी तरीके से रेलवे में नौकरी करने का आरोप

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के निकटवर्ती डांगियवास क्षेत्र के सालवाकलां गांव में एक व्यक्ति ने अपने भाई के खिलाफ केस दर्ज कराया है। उसका आरोप है कि उसके भाई ने उसके फर्जी दस्तावेज बनाकर रेलवे में नौकरी हासिल की। अब उसकी संपत्ति हड़पने का प्रयास कर रहा है। इसमें सबसे बड़ी बात है कि रेलवे में नौकरी करने वाला भाई भी कुछ साल पहले सेवानिवृत हो गया है। कोर्ट से मिले इस्तगासे पर डांगियावास पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अब जांच आरंभ की है। थानाधिकारी दौलाराम ने बताया कि सालवाकलां के खेताराम ने अपने भाई तिलाराम के खिलाफ केस दर्ज कराया है। इसका आरोप है कि उसके भाई तिलाराम ने उसके नाम से फर्जी दस्तावेजों से रेलवे में नौकरी हासिल कर ली। वह रेलवे में लेबर पोस्ट पर कार्यरत रहा। उसका भाई तिलाराम अब उसकी संपत्ति हड़पने की नीयत रख रहा है। थानाधिकारी ने बताया कि तिलाराम रेलवे की नौकरी भी पूरी कर चुका है और उसे रिटायरमेंट हुए पांच-सात साल हो चुके है। उसने किसके दस्तावेजों पर नौकरी हासिल की इस बारे में जांच पड़ताल के बाद ही पता लग पाएगा। फिलहाल कोर्ट के मार्फत धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कराया गया है।

## निगम आयुक्त ने शहर में चल रहे विकास कार्यों का लिया जायजा

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नगर निगम आयुक्त राहुल जैन में शुक्रवार को दुपहिया वाहन पर जाकर शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का अवलोकन किया, साथ ही उन्होंने शहर की सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। आयुक्त राहुल जैन ने बाइक पर बाईजी का तालाब, सीएसआई कार्यालय, मोती चौक, कबूतरों का चौक में एनकैप के तहत चल रहे सडक़ निर्माण कार्य और अमृत 2.0 के तहत चल रहे सीवरेज कार्य का अवलोकन किया। साथ ही कार्य की गुणवत्ता को लेकर भी अधिकारियो को निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि जहां भी विकास कार्य चल रहे हैं, उन्हें निर्धारित समय अवधि में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए, ताकि मानसून सीजन के दौरान आमजन को किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। आयुक्त राहुल जैन ने रामदेव जी का चौक, सिंहपोल, पचेटिया हिल होते हुए नई सडक़ क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण के मध्य नजर सफाई व्यवस्था में सुधार को लेकर मुख्य सफाई निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आयुक्त ने इस दौरान आमजन के साथ भी संवाद कर सफाई व्यवस्था के संबंध में फीडबैक लिया। आयुक्त राहुल जैन ने बताया कि आगामी दिनों में स्वच्छता सर्वेक्षण होने वाला है इसको लेकर के शहर की सफाई, सीवरेज व्यवस्था को बेहतर करना हमारी प्राथमिकता है। सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने की उद्देश्य से हमने शहर के कई क्षेत्रों में रात्रि कालीन सफाई व्यवस्था भी शुरू की है इसके बेहतर परिणाम मिल रहे हैं। उन्होंने मानसून सीजन को देखते हुए चल रहे विकास कार्यों को भी जल्द से जल्द पूरा करने के संबंध में निर्देशित दिया। इस दौरान एक्सईएन संजय पुरोहित, एईएन रमेश चौधरी, जेईएन गिरीश पुरोहित, मुख्य सफाई निरीक्षक श्याम मनोहर रामदेव, दीपक गुंद सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## सेंट्रल जेल में दंडित बंदी से मारपीट

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** देश की सबसे सुरक्षित समझी जाने वाली जोधपुर जेल में अब बंदियों के बीच में मारपीट आम होने लगी है। जेल में लगातार पिछले पंद्रह दिनों में बंदियों से मारपीट के तीन प्रकरण दर्ज हो गए है। कभी बैरक की बात को लेकर तो कभी चाय पीने की बात को लेकर विवाद हो रहा है। अब एक बार फिर जेल में पानी पीने की बात को लेकर सजायाप्ता बंदी के साथ विचाराधीन बंदी ने मारपीट की। इस बारे में दंडित बंदी की तरफ से नामजद बंदी के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। रातानाडा पुलिस ने बताया कि मेहंदीपुर बालाजी दौसा निवासी हरकेश मीणा पुत्र राजाराम ने रिपोर्ट दी है। इसका कहना है कि वह जेल के वार्ड नंबर 15 में रहता है।


स्वामी एवं प्रकाशक प्रदीप लोढ़ा के लिए 902, तीसरी ई-रोड, सरदारपुरा, जोधपुर से प्रकाशित तथा मुद्रक मनीष कुमार, माणक ऑफसेट प्रिन्टर्स, एमजीएच रोड, जोधपुर द्वारा मुद्रित। सम्पादक प्रदीप लोढा, फोन : 2540244, 2622321, फैक्स : 2541066, सिटी कार्यालय : मालियों की गली, उदयमंदिर थाने के पास, जोधपुर। -जयपुर कार्यालय : जी-1, एफ ब्लॉक, गणपति एनक्लेव, अजमेर रोड जयपुर। फोन नं.-01412220403-05, समाचार सम्पादक (मानद): सैयद मुनव्वर अली, मो. 9929454286

## सम्पादकीय...

### सी ई सी चयन प्रक्रिया पर सवाल



उच्चतम न्यायालय ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया में स्वतंत्रता के दिखावे को लेकर केंद्र सरकार पर सवाल उठाए हैं अदालत में स्पष्ट करा है कि क्या वर्तमान व्यवस्था संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत एक स्वतंत्र निर्वाचन आयोग की आवश्यकता को पूरा करती है इसे विशेष रूप से तब जब स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा है प्रधानमंत्री विपक्ष के नेता और प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक कैबिनेट मंत्री वाले पैनल के गठन पर सवाल उठाते हुए न्यायालय ने कहा कि इस चयन प्रक्रिया में वास्तव में किसी भी स्वतंत्र सदस्य को शामिल नहीं किया गया है। न्यायालय का मानना था कि सीबीआई निदेशक की नियुक्ति में भी मुख्य न्यायाधीश चयन पैनल का हिस्सा होते हैं जबकि सीबीआई मुख्य रूप से आपराधिक जांच और कानून के शासन से जुड़ी होती है न्यायालय ने आश्चर्य जताया कि चुनाव मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त की नियुक्ति में ऐसा स्वतंत्र सदस्य क्यों गायब है जिनका सीधा संबंध देश में लोकतांत्रिक एवं चुनावी निष्पक्षता बनाए रखने में है। बहस में अटॉर्नी जनरल ने स्वीकार किया कि व्यावहारिक रूप से पैनल में शामिल कैबिनेट मंत्री आमतौर पर प्रधानमंत्री से अलग राय नहीं रखते तो न्यायालय ने कहा कि इससे चयन प्रक्रिया का नियंत्रण प्रभावी रूप से कार्यपालिका अर्थात सरकार के हाथ में आ जाता है। न्यायालय का मानना था कि निर्वाचन आयोग की स्वतंत्रता न केवल उसके वास्तविक कामकाज में बल्कि जनता की धारणा में भी दीखनी चाहिए आयोग का केवल स्वतंत्र होना ही काफी नहीं है बल्कि उसे स्वतंत्र दिखना भी चाहिए शीर्ष अदालत की यह कड़ी टिप्पणियां मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त के नियुक्ति सेवा शर्त और कार्य कार्य अवधि अधिनियम 2023 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान आई।

*वैभव लोढ़ा...*

### इतिहास में आज

1929: हॉलीवुड में पहले एकेडमी अवॉर्ड दिए गए.
1975: सिक्किम को 22वें राज्य के रूप में भारत में शामिल किया गया।
1999 – दक्षेस का 2002 ई. में होने वाला शिखर सम्मेलन थिम्पू में कराये जाने की घोषणा।
2014: भाजपा ने आम चुनावों में जीत दर्ज की। एनडीए को 543 में से 336 सीटें मिलीं।

*-धर्म चंद मेहता*

### क्रॉस फायर

❑राजनाथ सिंह भोला 2014 के बाद देश की सुरक्षा नीति में ऐतिहासिक बदलाव आया।
◆अमेरिकी राष्ट्रपति की भी चलने लगी इसके बाद।

❑कोर्ट ने केजरीवाल और अन्य के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू की।
◆कैसे भी फसाना है।

❑पेपर लीक मामले पर भाजपा प्रवक्ता बोले निष्पक्ष जांच कर के देशों को सजा दिलाई जाएगी।
◆यह पार्टी के प्रवक्ता हैं या सरकार के।

❑केरल के मुख्यमंत्री पद पर कैसी वेणुगोपाल का नंबर नहीं आया।
◆दिल के अरमां आंसुओं में बह गए।

❑ममता बनर्जी चुनावी हिंसा से जुड़े मामलों में वकील बनकर पहुंची हाई कोर्ट।
◆तेरा पीछा ना छोड़ूंगी बीजेपी वालों।

❑देश के 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में एस आई आर का ऐलान।
◆सही बताने के लिए सब जगह करनी पड़ेगी।

❑भाजपा ने राहुल गांधी की विदेश यात्रा पर पूछे सवाल कहां खर्च कहां से आया।
◆राहुल तो पैसे वाला है भूखे नंगो से पूछो।

❑एक दिन नो व्हीकल डे की तैयारी में राजस्थान सरकार।
◆कुछ दिन सरकार की छुट्टी रख दोगे तो भी फर्क नहीं पड़ेगा।

*.............अंजू लोढ़ा*

### आज का राशिफल

**शनिवार 16 मई, 2026**

**मेष राशि:** व्यावसायिक मामलों में फैसले लेते वक्त आपको सुस्पष्ट सोच से काम करना होगा। सहजता और तेजी के साथ कई मुद्दों का सफलतापूर्वक समाधान करेंगे।

**वृषभ राशि:** आर्थिक मामलों में तकदीर आपका साथ देगी। स्थापित कारोबार का विस्तार होगा। त्रिपक्षीय साझेदारी करने की स्थिति बनेगी।

**मिथुन राशि:** आपने पहले से ही जो उम्मीदें संजो रखी हैं या फिर आप जैसा चाह रहे होंगे, उनके पूरा न होने से आप हताश हो सकते हैं। हो सकता है, जब आपको जरूरत होगी ।

**कर्क राशि:** युवाओं की तरह ऊर्जावान महसूस करेंगे। कार्यक्षेत्र में आप युवा लोगों को प्रोत्साहित करने में सफल रहेंगे। आपकी पुत्री करियर के मामले में स्वतंत्र रूप से फैसला ले सकती है।

**सिंह राशि:** कारोबार में सफलता मिलेगी और सौभाग्य भी साथ देगा। इस कारण आप खुलकर खरीददारी कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आप ईमानदारी से काम करना चाहेंगे।

**कन्या राशि:** आपके परिवेश में तेजी से बदलाव हो रहे हैं। नए अवसर सामने आएंगे। कामयाबी पाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।

**तुला राशि:** अतीत के एक दौर की समाप्ति हो रही है और एक नया दौर शुरू होने वाला है। जैसे ही आप व्यावसायिक परियोजना को पूरा कर लेते हैं।


**वृश्चिक राशि:** विभिन्न शख्सियतों के बीच आप अलग छाप छोड़ने में सफल रहेंगे। निजी व व्यावसायिक मामले में ऊर्जावान होकर साहस का परिचय देंगे।

**धनु राशि:** जिंदगी जो भी घटनाएं आपके समक्ष पेश कर रही हैं, उनका भरपूर लुफ्त उठाएं, तभी आप अतीत के अपराधबोध, नकारात्मक विचारों आदि को भुला सकेंगे।

**मकर राशि:** असमंजस के बादल छंटेंगे। पुराने तौर-तरीकों में सुधार करेंगे और आपके दृष्टिकोण में भी नयापन झलकेगा। आप बदलाव के एक महत्वपूर्ण मुहाने पर हैं।

**कुम्भ राशि:** अतीत और भविष्य की योजनाओं में न डूबकर आप वर्तमान में रहें और हर लम्हे का आनंद उठाएं। अगर आप सचेत नहीं रहे, तो आपके हाथ से एक सुनहरा मौका निकल सकता है।

**मीन राशि:** लोगों से संवाद स्थापित करने का वक्त है। व्यावसायिक और रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़े लोगों के साथ संपर्क स्थापित करें। निजी व व्यावसायिक मामलों को आप विलक्षण ढंग से और रचनात्मक प्रवृत्ति से अंजाम देंगे।



**राजेन्द्र गुप्ता**
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट**- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर विशेष: जागरूकता से आगे बढ़कर स्थायी समाधान की जरूरत



**जयदेव राठी**

हर वर्ष भारत में 16 मई को राष्ट्रीय मनाया जाता है। यह केवल एक सरकारी औपचारिकता नहीं, बल्कि उस बढ़ते स्वास्थ्य संकट की याद दिलाने वाला दिन है जिसने दुनिया के करोड़ों लोगों को प्रभावित किया है। कभी केवल बरसात के मौसम तक सीमित रहने वाला डेंगू अब पूरे वर्ष चुनौती बनता जा रहा है। बदलती जलवायु, तेजी से बढ़ते शहरीकरण, अव्यवस्थित कचरा प्रबंधन और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की कमजोरियाँ इस बीमारी को और खतरनाक बना रही हैं। डेंगू आज केवल एक बीमारी नहीं बल्कि विकास, पर्यावरण और प्रशासन से जुड़ा बड़ा प्रश्न बन चुका है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार पिछले दो दशकों में डेंगू के मामलों में कई गुना वृद्धि हुई है और अब यह 100 से अधिक देशों में फैल चुका है। एशिया, लैटिन अमेरिका और अफ्रीका इसके सबसे बड़े केंद्र बन चुके हैं। भारत भी इस चुनौती से अछूता नहीं है। हर वर्ष लाखों लोग डेंगू से संक्रमित होते हैं और हजारों परिवार आर्थिक व मानसिक संकट झेलते हैं। राष्ट्रीय डेंगू दिवस ऐसे समय में मनाया जा रहा है जब दुनिया जलवायु परिवर्तन और नई स्वास्थ्य चुनौतियों से जूझ रही है। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि डेंगू को केवल मौसमी बीमारी मानने की गलती न की जाए बल्कि इसे राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा से जोड़कर देखा जाए।

डेंगू मच्छर जनित बीमारी है जो मुख्य रूप से एडीज एजिप्टी मच्छर के कारण फैलती है। यह मच्छर साफ पानी में पनपता है और दिन के समय काटता है। यही कारण है कि शहरों में घरों की छतों पर रखी टंकियाँ, कूलर, गमले, पुराने टायर और खुले बर्तन इसके सबसे बड़े प्रजनन केंद्र बन जाते हैं। विडंबना यह है कि आधुनिक जीवनशैली और सुविधाएँ ही कई बार बीमारी का कारण बन रही हैं। विश्व स्तर पर देखा जाए तो डेंगू तेजी से फैलती बीमारियों में शामिल हो चुका है। पहले जिन क्षेत्रों में यह बीमारी नहीं थी, अब वहाँ भी इसके मामले सामने आने लगे हैं। वैज्ञानिक मानते हैं कि तापमान बढ़ने और मौसम के बदलते पैटर्न ने मच्छरों के जीवन चक्र को प्रभावित किया है। लंबे समय तक गर्मी और नमी बने रहने से मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ती है।

यही कारण है कि जलवायु परिवर्तन अब केवल पर्यावरणीय संकट नहीं बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य का भी बड़ा खतरा बन चुका है। भारत की स्थिति भी चिंताजनक है। देश के लगभग सभी राज्यों में डेंगू के मामले सामने आते हैं। महानगरों से लेकर छोटे शहर और गाँव तक इसकी चपेट में आ रहे हैं। दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में हर वर्ष स्थिति गंभीर हो जाती है। सरकारी आँकड़े कई बार वास्तविक स्थिति को पूरी तरह नहीं दर्शाते क्योंकि बड़ी संख्या में लोग निजी अस्पतालों में इलाज करवाते हैं या जाँच तक नहीं करवा पाते। भारत की सबसे बड़ी चुनौती जनसंख्या घनत्व और अव्यवस्थित शहरीकरण है। तेजी से फैलते शहरों में जल निकासी की खराब व्यवस्था, गंदगी और निर्माण स्थलों पर जमा पानी डेंगू के लिए आदर्श परिस्थितियाँ तैयार करते हैं। दूसरी तरफ ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता की कमी और सीमित स्वास्थ्य सुविधाएँ समस्या को और बढ़ा देती हैं। हालाँकि भारत ने डेंगू नियंत्रण के लिए कई महत्वपूर्ण प्रयास भी किए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं। स्कूलों, पंचायतों और शहरी निकायों को इसके नियंत्रण में जोड़ा जा रहा है। कई राज्यों ने विशेष फॉगिंग अभियान, साफ-सफाई अभियान और अस्पतालों में विशेष वार्ड तैयार किए हैं। भारत में वैज्ञानिक स्तर पर भी डेंगू को लेकर शोध बढ़ा है और वैक्सीन व नई उपचार तकनीकों पर कार्य हो रहा है।

कोविड-19 महामारी के बाद भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था ने यह सीखा कि केवल अस्पताल बढ़ा देने से स्वास्थ्य संकटों पर नियंत्रण नहीं पाया जा सकता। रोकथाम सबसे प्रभावी उपाय है।

डेंगू के मामले में भी यही सत्य है। यदि लोग अपने घरों और आसपास पानी जमा नहीं होने दें तो बड़ी संख्या में मामलों को रोका जा सकता है। लेकिन समस्या यह है कि जागरूकता अक्सर केवल पोस्टर और नारों तक सीमित रह जाती है। राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या हमारा समाज स्वास्थ्य संबंधी जिम्मेदारियों को गंभीरता से ले रहा है कई लोग आज भी यह मानते हैं कि सफाई केवल सरकार का काम है जबकि वास्तविकता यह है कि डेंगू नियंत्रण में नागरिकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। एक छोटी सी लापरवाही पूरे मोहल्ले के लिए खतरा बन सकती है। इसके साथ ही सरकारों को भी आत्ममंथन करना होगा। हर वर्ष बरसात से पहले डेंगू नियंत्रण की योजनाएँ बनती हैं लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में काम बहुत धीमा है। शहरों की जल निकासी व्यवस्था, कचरा प्रबंधन, अवैध निर्माण और सार्वजनिक सफाई की समस्याएँ वर्षों से जस की तस बनी हुई हैं।

स्वास्थ्य बजट बढ़ाने और स्थानीय निकायों को मजबूत करने की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है।

दुनिया के कई देशों ने सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से डेंगू नियंत्रण में सफलता प्राप्त की है। सिंगापुर इसका बड़ा उदाहरण है जहाँ कठोर नियमों और जनजागरूकता के कारण डेंगू पर काफी हद तक नियंत्रण पाया गया। भारत जैसे विशाल देश में यह चुनौती कठिन जरूर है लेकिन असंभव नहीं। आवश्यकता केवल राजनीतिक इच्छाशक्ति, वैज्ञानिक योजना और सामाजिक भागीदारी की है। डेंगू का आर्थिक प्रभाव भी कम नहीं है। गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए इलाज का खर्च भारी बोझ बन जाता है। निजी अस्पतालों में प्लेटलेट्स और उपचार के नाम पर भारी बिल वसूले जाते हैं। कई बार डर और अफवाहें भी लोगों की परेशानी बढ़ा देती हैं। इसलिए स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और सस्ती चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करना भी जरूरी है।

राष्ट्रीय डेंगू दिवस केवल बीमारी की चर्चा करने का अवसर नहीं होना चाहिए बल्कि यह आत्मविश्लेषण का दिन बनना चाहिए। क्या हमारे शहर रहने योग्य बन रहे हैं? क्या विकास योजनाओं में स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जा रही है? क्या नागरिक अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं? जब तक इन प्रश्नों पर गंभीरता से विचार नहीं होगा तब तक हर वर्ष डेंगू नए रूप में सामने आता रहेगा। भारत के पास दुनिया को दिशा देने का अवसर भी है। जिस तरह भारत ने वैक्सीन निर्माण, दवाइयों और जनस्वास्थ्य अभियानों में वैश्विक पहचान बनाई है उसी प्रकार डेंगू नियंत्रण में भी वह नेतृत्व कर सकता है।

इसके लिए शोध, तकनीक, स्वच्छता और जनभागीदारी को एक साथ जोड़ना होगा। आज आवश्यकता केवल एक दिवस मनाने की नहीं बल्कि एक स्थायी जनआंदोलन खड़ा करने की है। यदि हर नागरिक सप्ताह में केवल दस मिनट अपने घर और आसपास जमा पानी की जाँच कर ले तो डेंगू के खिलाफ बड़ी लड़ाई जीती जा सकती है।

राष्ट्रीय डेंगू दिवस का वास्तविक उद्देश्य भी यही होना चाहिए कि बीमारी के बाद इलाज नहीं, बल्कि बीमारी से पहले बचाव की संस्कृति विकसित हो। डेंगू के खिलाफ लड़ाई सरकार, समाज और नागरिकों की साझा जिम्मेदारी है। जब तक यह जिम्मेदारी सामूहिक रूप से नहीं निभाई जाएगी तब तक हर बरसात के साथ अस्पतालों की भीड़, बढ़ती चिंताएँ और स्वास्थ्य संकट की खबरें दोहराई जाती रहेंगी। अब समय आ गया है कि जागरूकता को आदत और अभियान को संस्कृति बनाया जाए।

### परी चौक की बदहाल व्यवस्था पर उठे सवाल

# हजारों यात्रियों की परेशानी को लेकर विधायक जेवर ने प्राधिकरण को लिखा पत्र, मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग तेज

**ऋषभ पाटनी**

परी चौक आज ग्रेटर नोएडा ही नहीं बल्कि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश का एक महत्वपूर्ण यातायात केंद्र बन चुका है। प्रतिदिन यहां से हजारों लोग दिल्ली, नोएडा, जेवर, बुलंदशहर, अलीगढ़, आगरा और आसपास के अनेक क्षेत्रों के लिए आवागमन करते हैं। छात्रों, नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों, महिलाओं और ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले यात्रियों के लिए यह स्थान सार्वजनिक परिवहन का प्रमुख केंद्र माना जाता है। लेकिन विडंबना यह है कि इतनी महत्वपूर्ण जगह होने के बावजूद यहां यात्रियों के लिए मूलभूत सुविधाओं का अभाव लंबे समय से बना हुआ है। अब इस गंभीर समस्या को लेकर जेवर विधानसभा के विधायक ने खुलकर चिंता व्यक्त की है और प्रशासन से तत्काल समाधान की मांग की है। ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को भेजे गए पत्र में विधायक ने परी चौक क्षेत्र में रोडवेज यात्रियों को हो रही परेशानियों का विस्तार से उल्लेख किया है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन हजारों लोग यहां बसों का इंतजार करते हैं, लेकिन उनके लिए न तो पर्याप्त छायादार बस शेल्टर उपलब्ध हैं और न ही बैठने की समुचित व्यवस्था। गर्मी के मौसम में यात्रियों को तेज धूप में खड़ा रहना पड़ता है, जबकि बरसात के दौरान उन्हें खुले आसमान के नीचे भीगते हुए बसों की प्रतीक्षा करनी पड़ती है। विधायक ने अपने पत्र में विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की परेशानियों का उल्लेख किया है। उनका कहना है कि इन वर्गों के लोगों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। लंबे समय तक खुले में खड़े रहने के कारण बुजुर्गों की तबीयत बिगड़ने की घटनाएं भी सामने आती रहती हैं। वहीं महिलाओं और छात्राओं को असुविधा के साथ-साथ सुरक्षा संबंधी चिंताओं का भी सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि परी चौक केवल एक चौराहा नहीं, बल्कि हजारों लोगों की दैनिक जीवन-रेखा है। यहां से रोजाना छात्र अपने कॉलेज और विश्वविद्यालयों तक पहुंचते हैं, कर्मचारी कार्यालयों के लिए बस पकड़ते हैं और ग्रामीण क्षेत्रों के लोग चिकित्सा, शिक्षा एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए शहरों की ओर यात्रा करते हैं। ऐसी स्थिति में यात्रियों के लिए बुनियादी सुविधाओं का अभाव प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

वधायक ने यह भी कहा कि वर्तमान समय में जब शहरों को स्मार्ट सिटी और आधुनिक बुनियादी ढांचे के रूप में विकसित करने की बातें हो रही हैं, तब परी चौक जैसे महत्वपूर्ण स्थल पर यात्रियों के लिए न्यूनतम सुविधाओं का अभाव चिंताजनक है। उन्होंने मांग की कि यहां आधुनिक एवं स्थायी बस शेल्टर बनाए जाएं, जिनमें यात्रियों को धूप और बारिश से सुरक्षा मिल सके। इसके साथ ही पर्याप्त बैठने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए ताकि यात्रियों को लंबे समय तक खड़े रहने की मजबूरी न हो। पेयजल सुविधा को भी विधायक ने अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में यात्रियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध न होना गंभीर समस्या है। गर्मी के दिनों में कई यात्रियों को पानी के अभाव में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसलिए परी चौक क्षेत्र में सार्वजनिक पेयजल व्यवस्था शीघ्र स्थापित की जानी चाहिए। इसके अलावा उन्होंने डिजिटल बस सूचना प्रणाली स्थापित करने की मांग भी उठाई। उनका कहना है कि यदि यात्रियों को बसों के आगमन और प्रस्थान की जानकारी डिजिटल माध्यम से उपलब्ध हो, तो उन्हें अनावश्यक रूप से लंबे समय तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इससे यात्रियों को सुविधा मिलेगी और यातायात व्यवस्था भी अधिक व्यवस्थित हो सकेगी। रात्रि के समय यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विधायक ने समुचित प्रकाश व्यवस्था की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर पर्याप्त रोशनी न होने के कारण यात्रियों को असुरक्षा की भावना रहती है। विशेष रूप से महिलाओं के लिए यह स्थिति चिंता का विषय है। इसलिए पूरे क्षेत्र में हाईमास्ट लाइट और अन्य आधुनिक प्रकाश व्यवस्था की जानी चाहिए।

यातायात प्रबंधन को लेकर भी विधायक ने चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि परी चौक पर वाहनों की अत्यधिक आवाजाही के कारण कई बार जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। बसों के रुकने और यात्रियों के चढ़ने-उतरने के दौरान अव्यवस्था बढ़ जाती है। ऐसे में पुलिस प्रशासन और प्राधिकरण को मिलकर यातायात व्यवस्था को अधिक सुचारु बनाने की दिशा में कार्य करना चाहिए। स्थानीय लोगों का भी कहना है कि परी चौक क्षेत्र में सुविधाओं की कमी लंबे समय से बनी हुई है। कई बार लोगों द्वारा इस मुद्दे को उठाया गया, लेकिन अभी तक स्थायी समाधान नहीं हो सका है। यात्रियों का मानना है कि यदि यहां बेहतर बस शेल्टर, स्वच्छता, पेयजल और बैठने की व्यवस्था उपलब्ध हो जाए, तो रोजाना यात्रा करने वाले हजारों लोगों को बड़ी राहत मिल सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि किसी भी शहर की पहचान वहां की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था और यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं से होती है। यदि यात्री सुविधाजनक और सुरक्षित महसूस करते हैं, तो वह शहर के विकास और प्रशासनिक दक्षता का सकारात्मक संकेत माना जाता है।

ऐसे में परी चौक जैसे प्रमुख केंद्र पर आधुनिक सुविधाओं का विकास समय की आवश्यकता बन चुका है। विधायक ने अपने पत्र के माध्यम से उम्मीद जताई है कि ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण जनहित से जुड़े इस महत्वपूर्ण विषय पर संवेदनशीलता दिखाएगा और शीघ्र आवश्यक कदम उठाएगा। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस दिशा में प्रभावी कार्यवाही की जाती है, तो इससे न केवल यात्रियों को राहत मिलेगी बल्कि ग्रेटर नोएडा की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था भी अधिक आधुनिक और व्यवस्थित बन सकेगी।

परी चौक पर यात्रियों की समस्याओं को लेकर उठी यह आवाज अब आमजन की उम्मीदों से भी जुड़ चुकी है। लोगों को उम्मीद है कि प्रशासन और प्राधिकरण जल्द ही इस दिशा में ठोस कदम उठाएंगे और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे, ताकि रोजमर्रा की यात्रा सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक बन सके।

# डेंगू पर नियंत्रण केप्रभावी प्रयास



**बाल मुकुन्द ओझा**

राष्ट्रीय डेंगू दिवस प्रतिवर्ष 16 मई को पूरे भारत में मनाया जाता है। डेंगू के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने और बचाव के तरीके समझाने के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जाता है। हमारे देश में हमने काफी हद तक डेंगू पर काबू पाने का सफल प्रयास किया है। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण केंद्र के मुताबिक भारत में डेंगू के वर्ष 2025 में 1 लाख 21 हजार 824 मामले दर्ज़किये गए। इनमें 131 लोगों की मौत हुई। जबकि वर्ष 2024 में दर्ज़2 लाख 33 हजार 519 मामलों से ये काफी कम है।

वर्ष 2024 में 297 लोगों की मृत्यु हो गई थी। मृत्यु का आंकड़ा भी कम हुआ है। इस वर्ष 2026 के शुरूआती दो महीनों में 6927 मामले दर्ज़ हुए। इस अवधि में मौतों की संख्या दस रही। ये आंकड़े बताते है हमारे देश में साल दर साल डेंगू पर नियंत्रण के प्रभावी प्रयास सफलीभूत हुए है। गर्मियों की शुरुआत के साथ रही घरों में और आसपास मच्छरों की संख्या बढ़ने लगती है। ये मच्छर कई रोग की वजह बन सकते हैं। मच्छरों से डेंगू-मलेरिया फैलता है। खासकर बारिश में डेंगू का खतरा बढ़ जाता है, क्योंकि डेंगू के मच्छर पानी में पनपते हैं। गर्मियों की शुरुआत के साथ रही घरों में और आसपास मच्छरों की संख्या बढ़ने लगती है। ये मच्छर कई रोग की वजह बन सकते हैं। मच्छरों से डेंगू-मलेरिया फैलता है। खासकर बारिश में डेंगू का खतरा बढ़ जाता है, क्योंकि डेंगू के मच्छर पानी में पनपते हैं। डेंगू एक ऐसी बीमारी है, जिसका इलाज शुरू से नहीं हुआ तो यह जानलेवा हो सकता है। मौसम परिवर्तन और बीमारियों का चोली दामन का साथ है। तापमान में भी घटत बढ़त होता है। इस वर्ष मौसम के अजब गजब नज़ारे देखने को मिल रहे है। कभी गर्मी कभी आंधी और बारिश तो कभी ठण्ड ने मौसम का मिज़ाज़ बिगाड़ रखा है। इस वर्ष मार्च और अप्रैल में भीषण गर्मी देखने मिली। इस अवधि में अनचाही बारिश ने गर्मी का प्रकोप नियंत्रित कर दिया। मई माह के पहले पखवाड़े में तापमान 48 डिग्री को पार कर गया। इसी के साथ डेंगू जैसी बीमारियां फैलते देर नहीं लगी। यह सर्व विदित है डेंगू मच्छर के कारण फैलता है और मच्छर गंदगी और ठहरे हुए पानी में पनपते हैं, तो आवश्यक है कि अपने आसपास स्वच्छता का पर्याप्त ध्यान रखा जाए। जलवायु परिवर्तन के फलस्वरूप मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर किसी को तीन से चार दिन तक उल्टी, तेज बुखार और चक्कर आ रहे हैं तो इसे नजरंदाज न करें। तुरंत ब्लड सैंपल की जांच कराएं। जांच में डेंगू की पुष्टि हुई है तो इलाज कराएं। इस मामले में बिलकुल भी लापरवाही न बरतें। डेंगू फीवर जिसे 'हड्डी तोड़ बुखार भी कहां जाता हैं, भारत में तेजी से अपने पैर पसार रहा है।

हर साल इस खतरनाक बीमारी के अनियंत्रित हो जाने का मुख्य कारण यह हैं कि इसकी वैक्सीन अभी तक उपलब्ध नहीं हैं। डेंगू की भयावहता का अंदाजा इसी पहलू से लगाया जा सकता है कि समय से उपचार न मिलने के कारण रोगी की मौत भी हो जाती है। विशेषकर जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है वे मौसमी बीमारियों का शिकार हो जाते है। देशभर से मिलने वाली खबरों के मुताबिक मौसम परिवर्तन के साथ ही मौसमी बीमारियां और वायरल बुखार का प्रकोप पैर पसारने लगा है, जिसके चलते चिकित्सालय में मरीजों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है। मौसम परिवर्तन के साथ ही सर्दी, खांसी-जुकाम, चिकनगुनिया, स्वाइन फ्लू, स्क्रब डेंगू, वायरल बुखार, उल्टी- दस्त के रोगियों की संख्या बढ़ी है।

मच्छरों का प्रकोप भी बीमारियां बढ़ाने में सहायक हो रहा है। डॉक्टरों के अनुसार तापमान में उतार-चढ़ाव के चलते मौसमी बीमारियां बढ़ी हैं। इस मौसम में जोड़ों में दर्द, बदन दर्द, सिरदर्द, खांसी, जुकाम एवं बुखार होता है। बदलते मौसम में खान पान में सतर्कता रखनी जरूरी है।

# ज्ञान, विज्ञान और मानवता का प्रकाश :

## अंतरराष्ट्रीय प्रकाश दिवस पर विशेष



**सुनील कुमार महला**

हर वर्ष 16 मई को अंतरराष्ट्रीय प्रकाश दिवस मनाया जाता है। पाठकों को बताता चलूं कि यह दिवस विज्ञान, शिक्षा, संस्कृति, ऊर्जा, चिकित्सा, संचार जैसे क्षेत्रों में और देश व समाज के सतत विकास(सस्टेनेबल डेवलपमेंट) के क्रम में प्रकाश के महत्व को समझाने और प्रकाश के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हर साल मनाया जाता है। वास्तव में प्रकाश से तात्पर्य केवल और केवल भौतिक रोशनी से नहीं है, बल्कि यह ज्ञान, जागरूकता, आशा, नवाचार और मानव प्रगति का प्रतीक भी है। धर्म, भाषा और सीमाओं से परे प्रकाश सार्वभौमिक(यूनिवर्सल) है तथा कला से लेकर दर्शन तक इसे सदैव ज्ञान और सकारात्मकता के प्रतीक के रूप में देखा गया है। सच तो यह है कि 'आधुनिक जीवन की रीढ़' ही 'प्रकाश' है और बिना प्रकाश विज्ञान के आज डिजिटल इंडिया, वैश्विक कनेक्टिविटी तथा आधुनिक तकनीक की कल्पना भी संभव नहीं है।

वास्तव में, अंतरराष्ट्रीय प्रकाश दिवस केवल एक वैज्ञानिक उपलब्धि यानी लेज़र के सफल संचालन का ही उत्सव नहीं है, बल्कि यह मानवता के 'अंधकार से प्रकाश की ओर' बढ़ने की यात्रा का भी प्रतीक है। कहना ग़लत नहीं होगा कि यह दिवस विज्ञान और मानवता के बीच एक सेतु का कार्य करता है तथा हमें ज्ञान, विज्ञान और सकारात्मक सोच का प्रकाश फैलाने की प्रेरणा देता है। पाठक जानते होंगे कि भारतीय संस्कृति में भी प्रकाश को अत्यंत पवित्र और ज्ञानदायी माना गया है। उपनिषदों का प्रसिद्ध मंत्र 'तमसो मा ज्योतिर्गमय' अर्थात् 'हे प्रभु! हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो' के बारे में आखिर कौन है जो नहीं जानते प्रकाश केवल बाहरी अंधकार से उजाले की ही बात नहीं करता है, बल्कि यह मनुष्य के अज्ञान, भय, भ्रम और नकारात्मकता से ज्ञान, सत्य और सकारात्मकता की ओर लगातार बढ़ने का संदेश देता है और आज के समय में तो यह संदेश और भी प्रासंगिक हो जाता है। हमारे यहां दिवाली प्रकाश का सबसे बड़ा त्योहार है, जबकि लोक संस्कृति में 'लालटेन उत्सव' भी उजाले, आशा और मानवीय संवेदनाओं का प्रतीक माना जाता है। इतना ही नहीं, सामाजिक जीवन में शिक्षा, जागरूकता और नैतिक मूल्यों का प्रकाश समाज को आगे बढ़ाने का कार्य करता है। बहरहाल, यदि हम यहां पर इस दिवस के मुख्य उद्देश्यों की बात करें तो, अंतरराष्ट्रीय प्रकाश दिवस का मुख्य उद्देश्य प्रकाश विज्ञान और ऑप्टिकल तकनीकों के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना, विज्ञान और तकनीक को समाज के विकास से जोड़ना, ऊर्जा, स्वास्थ्य, इंटरनेट और संचार में प्रकाश आधारित तकनीकों के योगदान को रेखांकित करना, युवाओं को विज्ञान एवं अनुसंधान के प्रति प्रेरित करना तथा देशों के बीच वैज्ञानिक सहयोग और शांति को बढ़ावा देना है। यूनेस्को के अनुसार यह दिवस विज्ञान, संस्कृति, कला, शिक्षा और सतत विकास में प्रकाश की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। वास्तव में यह दिवस इस बात की याद दिलाता है कि विज्ञान और तकनीक का सही उपयोग मानव कल्याण, शांति और सतत विकास के लिए कितना आवश्यक है। हाल फिलहाल, यहां पाठकों को बताता चलूं कि पहली बार यह दिवस 16 मई 2018 को मनाया गया था। 16 मई 1960 को अमेरिकी वैज्ञानिक थियोडोर मैमन ने पहली बार सफलतापूर्वक लेज़र का संचालन किया था और इसी ऐतिहासिक उपलब्धि की स्मृति में इस दिन को अंतरराष्ट्रीय प्रकाश दिवस के रूप में चुना गया। सरल शब्दों में कहें तो यह दिन भौतिक विज्ञानी और इंजीनियर थियोडोर मैमन द्वारा लेज़र के पहले सफल संचालन की वर्षगांठ का प्रतीक है। गौरतलब है कि लेज़र का आविष्कार चिकित्सा, संचार और तकनीक के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी मोड़ साबित हुआ तथा वर्ष 2015 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा 'अंतरराष्ट्रीय प्रकाश एवं प्रकाश-आधारित प्रौद्योगिकी वर्ष' घोषित किया गया था तथा इसके बाद वर्ष 2017 में यूनेस्को ने आधिकारिक रूप से अंतरराष्ट्रीय प्रकाश दिवस घोषित किया। अन्य दिवसों की भांति हर वर्ष इस दिवस की भी एक विशेष थीम/विषय-वस्तु रखी जाती है।इस साल यानी कि वर्ष 2026 की थीम 'प्रकाश, विज्ञान और समाज : नवाचार और प्रभाव को आगे बढ़ाना' रखी गई है। यह थीम समाज में विज्ञान और प्रकाश आधारित तकनीकों के सकारात्मक प्रभाव को आगे बढ़ाने पर केंद्रित है। वहीं वर्ष 2025 की थीम 'सतत भविष्य के लिए प्रकाश' रखी गई थी, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया था कि प्रकाश आधारित तकनीकें सौर ऊर्जा और ऊर्जा-कुशल लाइटिंग के माध्यम से वैश्विक ऊर्जा संकट और जलवायु परिवर्तन से निपटने में कैसे मदद कर सकती हैं।



## मारपीट के खिलाफ जलदायकर्मियों का प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

**जोधपुर ( हुक्मनामा समचार )।** जलदाय कर्मियों ने शुक्रवार को मारपीट के खिलाफ कलेट्रेट में प्रदर्शन किया और आरोपियों की गिरफ्तारी व सुरक्षा की मांग को लेकर संभागीय आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि गत 13 मई को जन स्वास्थ्य अभियात्रिकी विभाग नगर उपखण्ड डिगाड़ी के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ सैनिक पुरी क्षेत्र में अवैध कनेक्शन काटने पर आरोपियों द्वारा मारपीट की गई। आरोपियों ने पुलिस के सामने ही जलदाय अधिकारियों व कर्मचारियों को झूठे केस में फंसाने की धमकी भी दी। इसके बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। ज्ञापन में आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ ही जलदाय अधिकारियों व कर्मचारियों को सुरक्षा मुहैया करवाने की मांग की गई। इस दौरान प्रदर्शन में कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## इमैनुएल मिशन स्कूल में iStart जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**जैसलमेर।** राज्य में नये उद्यमों को प्रोत्साहन देने के लिए राजस्थान सरकार एवं सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग की महत्त्वाकांक्षी द्वस्ल्ड्डुह्ल्ह्ल परियोजना के तहत जिले के इमैन्युअल मिशन स्कूल में द्वस्ल्ड्डुह्ल्ह्ल जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग जैसलमेर की संयुक्त निदेशक जयश्री ने बताया कि इस कार्यशाला में विद्यालय के 157 छात्र/छात्राऐं उपस्थित रहे। सत्र के दौरान द्वस्ल्ड्डुह्ल्ह्ल राजस्थान पहल के मुख्य उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा युवा छात्र उद्यमियों को प्रोत्साहित करने की दिशा में सरकार द्वारा दिये जाने वाले वित्तीय अनुदान, विभिन्न लाभों एवं सहायता योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यशाला में विद्यालय प्राचार्य, द्वस्ल्ड्डुह्ल्ह्ल जूनियर डोमेन एक्सपर्ट शक्ति भूषण तथा विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

# मां ही जानती होती कैसी, बिटिया बिछोह की पीर..

### 'साहित्य संगम' की गोष्ठी में विविध विषय पर काव्य प्रस्तुति



**जोधपुर ( हुक्मनामा समचार )।** शहर की सबसे पुरानी साहित्यिक संस्था 'साहित्य संगम' की ओर से रेलवे स्टेशन क्षेत्र स्थित सेठ श्री रघुनाथ दास परिहार धर्मशाला के सभागार में आयोजित मासिक काव्य गोष्ठी में शहर के प्रतिष्ठित कवियों ने काव्य रचनाओं की प्रस्तुति देकर मां की अन्तर्वेदना, बेटे का मां के प्रति समर्पण एवं इंसान के सपनों का यथार्थ चित्रण किया।

गोष्ठी के प्रारंभ में संस्था के संस्थापक स्मृतिशेष मदनमोहन परिहार के मुक्तकों का पठन किया गया। नामवर शाइर व आलोचक हबीब कैफी ने इंसान के सपनों में नई उड़ान भरते हुए शौक को जिंदा रखने की हिदायत देते गज़ल 'पूरे करने हैं गर सपने अपने, शौक तू ज़िंदा रखने अपने, बतलाता है कीमत अपनी, सोना जब लगता है तपने', ख्यातनाम गीतकार दिनेश सिंदल ने बेटे द्वारा मां के टूटे चश्मे को ठीक करवा लाने की बात को घर में उजाला आने की संज्ञा देते हुए गीत 'टूटा चश्मा मां का बनवा आया है, बेटा घर में नई रोशनी लाया है', कवयित्री पद्मजा शर्मा ने बिटिया के बिछोह पर मां की अन्तर्वेदना की शाब्दिक तस्वीर उकेरते हुए रचना 'मां ही जानती होती कैसी, बिटिया बिछोह की पीर, बिटिया कैसे धरूं में धीर' एवं सैयद मुनव्वर अली ने मां की अहमियत को परिभाषित करती गज़ल 'प्यार ममता जो मेरी मां देती, वो कहां इस जहान में है, वो दवा आज तक बनी ही नहीं, मां की प्यारी सी जो मुस्कान में है', प्रस्तुत कर खूब दाद हासिल की।

इसके अलावा गोष्ठी में रंग सृजनधर्मी प्रमोद वैष्णव ने लेखन क्षेत्र की सियासत पर तंज कसते हुए 'किसी को लिखना आता है, किसी को लिखना नहीं आता है, पर सफल लेखक कोई और होता है', बुजुर्ग शाइर रज़ा मोहम्मद खान ने गज़ल 'अश्कों से दिल की आग बुझाने की आदत है' एवं रंगकर्मी रमेश भाटी ने दोहा 'मंद पड़ी रफ़्तार है, डगमग उसके पांव, ढूंढ रहा सूरज कहीं, सुस्ताने को छांव' सुनाकर श्रोताओं को अभिभूत किया। अंत में संस्था के अध्यक्ष इंदीवर परिहार ने रचनाकारों के प्रति आभार व्यक्त किया।



## नांदडी नागेच्या नगर में बिजली आपूर्ति ठप, क्षेत्रवासियों ने किया प्रदर्शन

**जोधपुर ( हुक्मनामा समचार )।** नांदडी नागेच्या नगर में लोग पिछले तीन दिन से बिना बिजली के रह रहे है। यहां ट्रांसफार्मर पर अधिक लोड पडने के कारण दूसरा ट्रांसफार्मर लगाया गया था, लेकिन तीन दिन से उसका कनेक्शन नहीं जोड़ा गया, जिससे कॉलोनीवासी बिना बिजली के रहने को मजबूर हैं। इसके विरोध में आज बिजलीघर के बाहर प्रदर्शन किया गया। परेशान नागरिक आज सुबह बिजली घर पहुंचे और अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसके बाद स्थानीय अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। बता दे कि कुछ दिन पहले ही एक जेईएन को बिजली संबंधी लापरवाही के आरोप में निलंबित किया गया था। स्थानीय नागरिक बिजली की नियमित आपूर्ति शुरू करने की मांग कर रहे हैं और प्रशासन से जल्द समाधान की उम्मीद कर रहे हैं।

## बिश्नोई समाज का सम्मान व अभिनंदन समारोह आज

**जोधपुर ( हुक्मनामा समचार )।** जाम्भाणी साहित्य अकादमी बीकानेर के तत्वावधान में 16 मई को माहेश्वरी भवन जोधपुर में विश्नोई समाज के नवचयनित आरएएस एवं अन्य प्रशासनिक सेवाओं में चयनित प्रतिभाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन के पीछे अकादमी का उद्देश्य समाज के प्रतियोगी परीक्षा में वर्तमान में चयनित युवाओं को प्रोत्साहित करना एवं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं को अभिप्रेरित करना है। अकादमी की अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. इन्द्रा बिश्नोई ने बताया कि समारोह सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस विजय बिश्नोई के मुख्य आतिथ्य एवं युवा, खेल एवं उद्योग राज्य मंत्री केके बिश्नोई की अध्यक्षता में सम्पन्न होगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जीव-जंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष जसवंत सिंह बिश्नोई, खेजड़ली शहीदी राष्ट्रीय पर्यावरण संस्थान के अध्यक्ष मलखान सिंह बिश्नोई, विधायक पब्बाराम बिश्नोई, विधायक अभिमन्यु पूनिया, पूर्व मंत्री सुखराम बिश्नोई, पूर्व विधायक हीरालाल बिश्नोई, किशना राम बिश्नोई एवं बिहारीलाल बिश्नोई सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में मेघालय के सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक डॉ. एलआर बिश्नोई बतौर मुख्य वक्ता उपस्थित रहेंगे।

# किशोरी व्यक्तित्व विकास आवासीय शिविर तीन जून से



**जोधपुर ( हुक्मनामा समचार )।** शहर में सृजन किशोरी व्यक्तित्व विकास आवासीय शिविर 3 सें 7 जून तक आयोजित होगा।

गीता परिवार जोधपुर शाखा की अध्यक्ष मंजू सोनी ने बताया कि संत स्वामी गोविंद देव गिरी महाराज द्वारा स्थापित गीता परिवार जोधपुर शाखा के तत्वावधान में किशोरियों के सर्वांगीण विकास के लिए पांच दिवसीय किशोरी व्यक्तित्व विकास आवासीय शिविर माहेश्वरी जनोपयोगी भवन रातानाडा में आयोजित होगा।

इस पांच दिवसीय शिविर में कला एवं कौशल के तहत पेंटिंग एवं रंगोली, मंडला आर्ट, कॉफी पेंटिंग, ज़ेंटेंगल आर्ट, रेजिन आर्ट, साड़ी ड्रेपिंग, हेयर स्टाइलिंग एवं मेकअप टिप्स, नेल आर्ट, गिफ्ट बॉक्स मेकिंग, गिफ्ट पैकिंग, नेपकिन फोल्डिंग, आरती थाल सज्जा फायरलेस कुकिंग बिना गैस के स्वादिष्ट व्यंजन, शक्ति एवं स्वास्थ्य के लिए आत्मरक्षा, लाठी-काठी, पिरामिड लाफ्टर योगा शारीरिक सुडौलता के सूत्र एक्युप्रेशर व हार्मोन्स संतुलन, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक विकास के लिए सनातन संस्कृति, आधुनिक ज्ञान व साइबर सिक्योरिटी एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर विशेष सत्र होगा। कैम्प में माहेश्वरी महिला मंडल का भी सहयोग मिलेगा।

शिविर में डॉ. संजय मालपानी डॉ. निर्मल गहलोत, काजल हिंदुस्तानी, अंजली तापडिया, गौतम खट्टर, मीनाक्षी सहरावत, किरण लड्ढा, भाग्यश्री चांडक, सिद्धि जौहरी, सोनिया तोषनीवाल, डॉ बीना गोयल, जगदीश शर्मा, उर्मिला तापडिया एवं अन्य प्रबुद्ध वक्ता मार्गदर्शन करेंगे। गीता परिवार सचिव प्रकाश झंवर ने बताया कि शिविर में 12 वर्ष से 23 वर्ष आयुवर्ग की किशोरी व महिलाए शामिल होगी। रातानाडा माहेश्वरी भवन में आयोजित कार्यकारिणी बैठक में शिविर की पूर्व तैयारियों के संबंध में विचार विमर्श कर विभिन्न समितियों का गठन कर जिम्मेदारियां व दायित्व सौंपे गए।

## कवयित्री मनीषा की लेखन यात्रा पर विमर्श कल



**जोधपुर ( हुक्मनामा समचार )।** साहित्यिक और सांस्कृतिक समूह लेखनी में इस बार कविता पाठ और अपनी लेखन यात्रा को साझा करने शहर की वरिष्ठ कवयित्री मनीषा डागा साहित्य प्रेमियों से रुबरु होंगी। ये कार्यक्रम 17 मई को सरदारपुरा नेहरु पार्क स्थित डॉ. मदन सावित्री डागा साहित्य भवन में शाम पांच बजे आयोजित किया जायेगा। समूह की ओर से प्रमोद वैष्णव ने बताया कि इससे पूर्व में समूह की ओर से शहर के अनेक कहानीकार,,उपन्यासकार और कवि लेखनी के मंच पर अपने लेखन कौशल से साहित्यप्रेमियों के समक्ष अपनी रचनाओं का पाठ एवं विमर्श कर चुके हैं। इसी कड़ी में शहर की जानी मानी कवयित्री और शिक्षाविद मनीषा डागा अपनी रचना प्रकिया साझा करते हुए अपनी चुनिंदा कविताओं का पाठ करेंगी।इस अवसर पर मनीषा के कृतित्व और व्यक्तित्व पर शहर की जानी मानी कवयित्री और उपन्यासकार आशा पाराशर रोशनी डालेंगी। कार्यक्रम का संचालन राजस्थानी के कहानीकार वाजिद हसन काजी करेंगे।

## एचडीएफसी लाइफ ने 4,596 करोड़ रुपए का बोनस घोषित किया



**जोधपुर ( हुक्मनामा समचार )।** देश की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में शामिल एचडीएफसी लाइफ ने 16 अप्रैल 2026 को आयोजित कंपनी की बोर्ड बैठक में 4,596 करोड़ रुपए के बोनस की घोषणा की है। कंपनी का यह अब तक घोषित किया गया सबसे बड़ा बोनस है। इसका फायदा 22.2 लाख भागीदार (पार्टिसिपेटिंग) पॉलिसीधारकों को लाभ मिलेगा। यह कंपनी की अपने पॉलिसीधारकों को सर्वोपरि रखने, निरंतर प्रदर्शन और बेहतर वित्तीय प्रबंधन को दर्शाता है। घोषित कुल बोनस में से अनुमानित 3,761 करोड़ रुपए का भुगतान वित्त वर्ष 2026-27 में मैच्योरिटी या सर्वाइवल भुगतान के रूप में किया जाएगा। शेष बोनस पॉलिसीधारकों के खाते में जोड़ा जाएगा। यह पॉलिसी की शर्तों एवं नियमों के अनुसार भविष्य में देय होगा।

इस घोषणा पर एचडीएफसी लाइफ की नियुक्त एक्चुअरी एवं मुख्य एक्चुअरी ईश्वरी मुरुगन ने कहा, 'हमारी वार्षिक बोनस घोषणा हमारे पॉलिसीधारकों के लिए साल दर साल स्थायित्व के साथ लंबी अवधि में मूल्य सृजित करने के वादे को पूरा करती है।

# रेलवे में विश्व पर्यावरण दिवस अभियान शुरू

### पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता की शपथ ली



**जोधपुर ( हुक्मनामा समचार )।** उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर रेल मंडल पर विश्व पर्यावरण दिवस अभियान-2026 के अंतर्गत शुक्रवार को विशेष जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अभियान के तहत डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने मंडल कार्यालय परिसर में रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस अभियान पांच जून तक आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष की थीम जलवायु परिवर्तन के प्रभावों पर ध्यान केन्द्रित करना पर आधारित है। अभियान के अंतर्गत आज मंडल के नागौर, बाड़मेर, जैसलमेर, मेड़ता रोड एवं डेमो शेड सहित विभिन्न रेलवे स्टेशनों एवं कार्यालयों में जागरूकता रैली आयोजित की गई। रैली के माध्यम से यात्रियों एवं रेलकर्मियों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, जल संरक्षण तथा हरित जीवनशैली अपनाने हेतु जागरूक किया गया। हमारा पर्यावरण-हमारी जिम्मेदारी के संदेश के साथ सभी से पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी की अपील की गई। इस अवसर पर हरित, स्वच्छ एवं सतत पर्यावरण के संरक्षण हेतु जागरूकता बढ़ाने और सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में मंडल के सैकड़ों रेल कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे। मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने अपने संबोधन में रेलकर्मियों से आह्वान किया कि वे पर्यावरण संरक्षण की शुरुआत अपने घर एवं कार्यालय से करें। उन्होंने प्लास्टिक उपयोग कम करने पर बल देते हुए कहा कि कार्यालय में प्लास्टिक बोतलों के स्थान पर घर से पानी की बोतल लाने की आदत विकसित करनी चाहिए। साथ ही रीसायकल योग्य लंच बॉक्स एवं पर्यावरण अनुकूल सामग्री के उपयोग को बढ़ावा देने की भी अपील की।

## ग्राम रथ अभियान में आज कई स्थानों से रवाना होंगे रथ

**जोधपुर ( हुक्मनामा समचार )।** राज्य सरकार के तत्वावधान में आगामी 23 से 25 मई तक आयोजित होने वाले ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट की तैयारियों के क्रम में ग्राम रथ अभियान चलाया जा रहा है। इस विशिष्ट अभियान के अंतर्गत कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन और सहकारिता सहित कुल 13 महत्वपूर्ण विभागों को एक साझा मंच पर लाया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं और आधुनिक नवाचारों की पहुँच सीधे ग्रामीण परिवेश तक सुनिश्चित करना है। जिला कलक्टर आलोक रंजन ने बताया कि 16 मई को लूणी विधानसभा क्षेत्र की पंचायत समिति लूणी अंतर्गत ग्राम पंचायत सरेचा, नन्दवान एवं सालावास से ग्राम रथ रवाना किए जाएंगे। इसी प्रकार बिलाड़ा विधानसभा क्षेत्र में पंचायत समिति लूणी की ग्राम पंचायत काकेलाव, फिटकासनी एवं पालासनी, भोपालगढ़ विधानसभा क्षेत्र में पंचायत समिति मण्डोर की ग्राम पंचायत लोरडी पंडितजी, सूरपुरा खुर्द एवं गुजरावास तथा ओसियां विधानसभा क्षेत्र में पंचायत समिति तिंवरी की ग्राम पंचायत महादेव नगर, मीनों की ढाणी एवं चेराई से ग्राम रथ संचालित होंगे। इसके अतिरिक्त शेरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में पंचायत समिति बालेसर की ग्राम पंचायत कोनरी, उदयसर, ढांढणिया भायला से भी ग्राम रथ रवाना किए जाएंगे।

## पूर्व सीएम गहलोत के जन्मोत्सव के तहत जलसेवा, पक्षियों के लिए परिंडे लगाए



**जोधपुर ( हुक्मनामा समचार )।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं अशोक गहलोत के 75वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में जोधपुर शहर जिला युवा कांग्रेस कमेटी द्वारा सेवा संकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत सैटेलाइट हॉस्पिटल नयापुरा मण्डोर में जल सेवा एवं पक्षियों के लिए पानी के परिंडे लगाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में कांग्रेसजनों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सेवा कार्य में सहयोग प्रदान किया।

कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह सोलंकी , पूर्व महापौर कुंती देवड़ा परिहार , जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार वर्मा, उपाध्यक्ष लियाकत अली अंग्रेज, जगदीश सांखला, महासचिव मयंक देवड़ा, राजेन्द्र आर्य, महेन्द्र टाक, मुकेश गहलोत, एबी अशोक भाटी, नितिन कच्छवाहा, मधुसूदन, कुशजीत कच्छवाहा, गौरव गहलोत, ऋषि गहलोत, रुद्राक्ष गहलोत एवं यशदीप कच्छवाहा सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

जोधपुर शहर जिला युवा कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष योगेश कच्छवाहा ने बताया कि पूर्व सीएम गहलोत की भावना के अनुरूप जनसेवा, मानव सेवा एवं जीव सेवा ही सच्चा परम धर्म है। इसी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए युवा कांग्रेस द्वारा जल सेवा एवं पक्षियों के लिए परिंडे लगाने जैसे सेवा कार्य किए जा रहे हैं, ताकि समाज में सेवा, संवेदनशीलता एवं मानवता का संदेश जन-जन तक पहुंच सके।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने ग्राहक के मरणोपरांत परिजनों को दी सहायता राशि

**जोधपुर( हुक्मनामा समचार )।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने पर्सनल ऋण ग्राहक स्वर्गीय श्याम लाल के असामयिक निधन के पश्चात उनके परिजनों को बीमा दावा राशि प्रदान कर बड़ी वित्तीय राहत दी है। बैंक के माध्यम से रु. 9.87 लाख की बीमा राशि का भुगतान किया गया।

स्व. श्यामलाल ने बैंक ऑफ बड़ौदा की स्टेशन रोड , जोधपुर शाखा से रु.10 लाख का पर्सनल ऋण लिया था तथा इसके साथ इंडिया फर्स्ट ग्रुप क्रेडिट लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी भी ली हुई थी। पॉलिसी की शर्तों के अनुसार, उनके आकस्मिक निधन के उपरांत नामित व्यक्ति श्रीमती सीता देवी को रु. 9.87लाख की बीमा दावा राशि का भुगतान किया गया।

बैंक के उपमहाप्रबंधक,(अनुपालन एवं आश्वासन) बालकिशन द्वारा प्रदान की गई।

उपमहाप्रबंधक बालकिशन ने कहा कि बैंक ऑफ बड़ौदा अपने ग्राहकों की सुरक्षा और सेवा के प्रति पूर्णत: प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर शाखा प्रमुख डॉ मुकेश कुमार, अंचल कार्यालय से बैंक के प्रतिनिधि सहित इंडियाफर्स्ट इंश्योरेंस कंपनी के स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट 'ग्राम-2026' स्थगित, कृषि विभाग ने जारी किए आदेश

**जयपुर ( हुक्मनामा समचार )।** राजधानी जयपुर स्थित जेईसीसी में आगामी 23 मई को प्रस्तावित ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (GRAM-2026) का आयोजन फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। कृषि विभाग द्वारा जारी आधिकारिक आदेशों के अनुसार यह निर्णय अपरिहार्य कारणों के चलते लिया गया है। कृषि आयुक्त Naresh Kumar Goyal ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए बताया कि कार्यक्रम को आगामी आदेशों तक स्थगित रखा जाएगा। हालांकि आयोजन की नई तिथि को लेकर फिलहाल कोई घोषणा नहीं की गई है। गौरतलब है कि 'ग्राम-2026' को राजस्थान के कृषि क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन माना जा रहा था, जिसमें आधुनिक कृषि तकनीक, एग्रीटेक नवाचार, कृषि निवेश, स्टार्टअप्स और किसानों के लिए नई संभावनाओं पर चर्चा प्रस्तावित थी। कार्यक्रम में देश-विदेश की कृषि कंपनियों, विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं की भागीदारी अपेक्षित थी।

आयोजन स्थगित होने से कृषि क्षेत्र से जुड़े प्रतिभागियों और संस्थाओं को फिलहाल नई तारीख का इंतजार रहेगा। विभाग ने संकेत दिए हैं कि परिस्थितियां अनुकूल होने पर कार्यक्रम की नई तिथि घोषित की जाएगी।

# भागवत कथा महोत्सव में रूकमणि विवाह प्रसंग

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** जोधपुर के बासनी स्थित सरस्वती नगर डी सेक्टर में आयोजित किये जा रहे श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव में शुक्रवार को रूकमणि विवाह प्रसंग पर कथा का वाचन किया गया। प्रसंग पर आकर्षक झांकी भी सजाई गई। यहां सूरसागर बड़ा रामद्वारा के संत अमृतराम महाराज कथा का वाचन कर रहे हैं। शहर विधायक अतुल भंसाली ने भी श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव में भाग लेकर अमृतमयी कथा का श्रवण किया।

विधायक भंसाली ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा भारतीय सनातन संस्कृति, धर्म और मानवता के उच्च आदर्शों से ओतप्रोत है। यह कथा समाज को सेवा, संस्कार, सद्भाव और नैतिक मूल्यों का संदेश देती है। उन्होंने इस आयोजन को समाज के लिए प्रेरणादायी बताते हुए कथा के आयोजक राजेश सांखला, रविंद्र सांखला एवं समस्त सांखला परिवार को शुभकामनाएं दीं। सांखला परिवार और



सरस्वती नगर सेक्टर डी विकास समिति की ओर से विधायक भंसाली, पूर्व पार्षद मीनाक्षी कोठारी का अभिनन्दन किया गया।

## सरस्वती जल मंदिर का लोकार्पण

सरस्वती नगर सेक्टर डी विकास समिति की ओर से हेमराज पालीवाल की प्रेरणा से उनके सुपुत्र प्रवीण पालीवाल के सहयोग से निर्मित सरस्वती जल मंदिर का लोकार्पण संत अमृतराम महाराज के सानिध्य में विधायक अतुल भंसाली ने किया। कार्यक्रम में विकास समिति के संरक्षक मगनलाल बिस्सा, अध्यक्ष प्रदीप खावा, उपाध्यक्ष विष्णु लश्करी, महामंत्री जगदीश नाहटा, मंत्री अजय अस्थाना, कोषाध्यक्ष बाबूलाल भाटी, सह-कोषाध्यक्ष मगराज जैन, पूर्व पार्षद मीनाक्षी कोठारी सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। विधायक भंसाली ने कहा कि धर्मसेवा, जनसेवा और समाजहित के ऐसे कार्य ही एक सशक्त, संस्कारित और समरस समाज की पहचान हैं।

# सरकार की योजनाओं का चलता-फिरता सूचना केंद्र बना ग्राम रथ अभियान

## कृषकों, पशुपालकों एवं ग्रामीण परिवारों को योजनाओं से जोड़ने की अभिनव पहल

**जैसलमेर ( हुक्मनामा समाचार )।** राज्य सरकार द्वारा कृषकों, पशुपालकों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए चलाया जा रहा ग्राम रथ अभियान ग्रामीण अंचलों में प्रभावी जनसंपर्क एवं जनजागरूकता का सशक्त माध्यम बनता जा रहा है। अभियान के तहत शुक्रवार को पंचायत समिति जैसलमेर की ग्राम पंचायत शाहगढ़, हरनाउ, धनाना एवं बलीदाद की बस्ती तथा पंचायत समिति सांकड़ा की ग्राम पंचायत किशनपुरा मु. थाट, नानाणियाई, ओढ़ाणियां एवं चाचा में व्यापक जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। ग्राम रथ के गांवों में पहुंचने पर ग्रामीणों ने उत्साह, आत्मीयता एवं पारंपरिक स्वागत के साथ अभियान का अभिनंदन किया। कई स्थानों पर ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों एवं लोक परंपराओं के साथ ग्राम रथ का स्वागत कर सरकार की इस पहल के प्रति सकारात्मक भावना व्यक्त की।

**कार्यालय नगर परिषद, जैसलमेर ( राज. ) 345001**

क्रमांक/भूमि/2026-27/515 दिनांक : 12.05.2026

**प्रसारित नोटिस उजरदारी**

श्री मांगू सिंह पुत्र श्री शिवदान सिंह जाति राजपूत निवासी भीखसिंह की ढाणी जोधा जिला जोधपुर द्वारा आवेदन-पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवासीय भूखण्ड संख्या 165 साईज 30×60=1800 वर्गफीट वाके इन्द्रा नगर आवासीय योजना जैसलमेर जो श्रीमती मोहिनी देवी सरदा पत्नी श्री बंशीधर सारदा निवासी VOORA VIDYASAGAR OSWAL GARDEN R-45 4th FLOOR, 210 AND 212 COCHRANE BASIN ROAD KORUKKUPET WASHERMENPET CHENNAI TAMIL, NADU से जरिये बेचान-पत्र से प्राप्त किया गया है। उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्री मांगू सिंह पुत्र श्री शिवदान सिंह जाति राजपूत निवासी भीखसिंह की ढाणी जोधा जिला जोधपुर द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाना चाहते है।

अत: इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय में 7 दिवस के भीतर पेश करे अन्यथा बाद म्याद कोई उजर ऐतराज मान्य नहीं होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। सूचित रहे।

**आयुक्त-नगर परिषद, जैसलमेर**

### जायंट्स ग्रुप ऑफ उम्मीद ने महिला जेल में दिखाई मानवता

## भीषण गर्मी में बंदियों को भेंट किए मटके, खराब पंखे भी करवाए दुरुस्त




**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के प्रकोप को देखते हुए जायंट्स ग्रुप ऑफ उम्मीद द्वारा मानव सेवा की एक सराहनीय पहल की गई है। संस्था की ओर से महिला जेल परिसर में बंदी महिलाओं की सुविधा हेतु विशेष सेवा कार्य आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य इस प्रचंड गर्मी में उन्हें राहत पहुंचाना रहा। संस्था की अध्यक्ष विमला गट्टानी ने बताया कि गर्मी के मौसम में ठंडे पानी की उपलब्धता सबसे बड़ी जरूरत है। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए जेल परिसर के विभिन्न केबिनों और कमरों के लिए 30 मटके भेंट किए गए। इससे बंदी महिलाओं को प्राकृतिक रूप से शुद्ध और ठंडा पानी उपलब्ध हो सकेगा।

गर्मी से राहत दिलाने के क्रम में संस्था ने केवल पानी की ही नहीं, बल्कि हवा की भी व्यवस्था की। जेल में लगे 5 खराब पंखों को रिपेयर करवाकर पुन: चालू करवाया गया, ताकि बैरकों और कमरों में हवा का उचित प्रबंध हो सके। पंखे चलने और ठंडे पानी की व्यवस्था होने पर बंदी महिलाओं ने राहत की सांस ली और उनके चेहरों पर संतोष भाव दिखाई दिया। इस दौरान संस्था की सदस्य बिंदु भंडारी भी मौजूद रही।

# ग्राम रथ अभियान 2026 से ग्रामीणों में बढ़ रही योजनाओं के प्रति जागरूकता

### ओढनिया ग्राम पंचायत में ग्राम रथ कार्यक्रम आयोजित, ग्रामीणों को दी जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी

**जैसलमेर ( हुक्मनामा समाचार )।** राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने एवं योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित ग्राम रथ अभियान 2026 के तहत पंचायत समिति सांकड़ा की ग्राम पंचायत ओढनिया में ग्राम रथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं, विकास कार्यक्रमों एवं आमजन




कल्याण से जुड़ी पहल की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

ग्राम रथ के माध्यम से एलईडी स्क्रीन, ऑडियो संदेशों एवं प्रचार सामग्री के जरिए ग्रामीणों को किसानों, पशुपालकों, महिलाओं, युवाओं, विद्यार्थियों एवं जरूरतमंद वर्ग के लिए संचालित योजनाओं के बारे में अवगत करवाया गया। ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लेते हुए योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने में रुचि दिखाई।

इस अवसर पर ग्रामीणों को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित बुकलेट, पंपलेट एवं अन्य प्रचार साहित्य का वितरण भी किया गया, ताकि आमजन योजनाओं की जानकारी को समझकर अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने ग्रामीणों को योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं लाभों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में सीएमओ प्रतिनिधि गायत्री मीणा, विकास अधिकारी हनुमान राम सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने ग्रामीणों से सरकार की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने एवं जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल पोकरण**

**जिला जैसलमेर ( राज. )**

क्रमांक/न.पा.पो./2026/378 **आपत्ति सूचना** दिनांक : 15.05.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका पोकरण में निम्नांकित आवेदकों द्वारा प्रार्थना पत्र के साथ चैन ऑफ टाईटल एवं आवश्यक रजिस्ट्री दस्तावेज प्रस्तुत कर निम्नानुसार भूखण्ड/मकान/दुकान हेतु नामान्तरण की मांग की है, जिनका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र.सं. | आवेदक का नाम | भूखण्ड साईज | भूखण्ड का पता |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री पप्पुराम कुमावत/नखताराम जाति कुमावत निवासी रामदेवरा तहसील पोकरण जिला जैसलमेर | 3600 वर्गफीट | श्याम नगर कॉलोनी स्थित भूखण्ड संख्या 2 व 3 |
| 2. | श्री पप्पुराम कुमावत/नखताराम जाति कुमावत निवासी रामदेवरा तहसील पोकरण जिला जैसलमेर | 3600 वर्गफीट | श्याम नगर कॉलोनी स्थित भूखण्ड संख्या 39 व 40 |
| 3. | श्रीमती सुमन कंवर/अतुल कुमार जाति चारण निवासी बारट का गांव तहसील पोकरण जिला जैसलमेर | 28×64 यानि 1792 वर्गफीट | सूरजपुरा वार्ड नं. 14 पोकरण स्थित भूखण्ड |
| 4. | श्री अमृतलाल/मेघवास जाति साध निवासी सुथारों का वास चाचा तहसील पोकरण जिला जैसलमेर | 25×50 यानि 1250 वर्गफीट | पोकरण-जैसलमेर रोड चैन विहार स्थित पट्टा सं. 254/54 व मिसल नं. 207/55 |
| 5. | श्री मिश्री खां/हरचन्द खां जाति मुसलमान निवासी चांदनी ओढाणियां तहसील पोकरण जिला जैसलमेर | 25×50 यानि 1250 वर्गफीट | चैन विहार कॉलोनी स्थित भू.सं. 209 |
| 6. | श्री मिश्री खां/हरचन्द खां जाति मुसलमान निवासी चांदनी ओढाणियां तहसील पोकरण जिला जैसलमेर | 25×50 यानि 1250 वर्गफीट | चैन विहार कॉलोनी स्थित भू.सं. 208 |
| 7. | श्री ओमपालसिंह, शिवपालसिंह/काछबसिंह जाति राजपूत निवासी अजासर (नाचना) तहसील पोकरण जिला जैसलमेर | 20×25 यानि 500 वर्गफीट | ठाकुर वीरेन्द्रसिंह कॉलीनी स्थित भू.सं. 40 |
| 8. | श्री ओमपालसिंह, शिवपालसिंह/काछबसिंह जाति राजपूत निवासी अजासर (नाचना) तहसील पोकरण जिला जैसलमेर | 1050 वर्गफीट | ठाकुर वीरेन्द्रसिंह कॉलीनी स्थित भू.सं. 45 |
| 9. | श्री गिरधरप्रसाद/जुगल किशोर जाति पालीवाल निवासी लंवा तहसील पोकरण, जिला जैसलमेर | 40×60 यानि 2400 वर्गफीट | ठाकुर वीरेन्द्रसिंह कॉलोनी स्थित भू.सं. 22 |

अत: आवेदकों द्वारा प्रस्तुत वांछित भूमि के नामान्तरण के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था आदि को कोई भी आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में अपनी लिखित आपत्ति मय सबूत एवं दस्तावेजों को नगरपालिका पोकरण कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है, बाद म्याद तथा दस्तावेजों के अभाव में आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा प्रकरण में भवन निर्माण स्वीकृति की अग्रिम कार्यवाही कर दी जावेगी। सो सूचित रहे...

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका पोकरण ( जैसलमेर )**

# ग्राम रथ अभियान के तहत 16 मई को जिलेभर में होंगे जन जागरूकता कार्यक्रम

**बालोतरा ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव एवं आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित ग्राम रथ अभियान के तहत 16 मई को जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं नगरीय क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के अंतर्गत आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित ग्राम रथों एवं कला जत्थों के माध्यम से लोगों को योजनाओं की जानकारी सरल, सहज एवं आकर्षक तरीके से उपलब्ध कराई जाएगी। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी हीराराम कलबी ने बताया कि कार्यक्रमों के दौरान स्थानीय भाषा, लोकगीत, नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से ग्रामीणों एवं आमजन को विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाकर उन्हें सरकारी लाभों से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि सिवाना विधानसभा क्षेत्र में अंबेडकर भवन समदड़ी, बालोतरा बस स्टेण्ड रोड समदड़ी एवं नटेश्वर महादेव मंदिर समदड़ी में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं पचपदरा विधानसभा क्षेत्र में नगर परिषद बालोतरा, नया बस स्टेण्ड तथा पंचायत समिति बालोतरा परिसर में ग्राम रथों एवं कला जत्थों द्वारा योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। अभियान के तहत ग्राम रथों पर लगी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित लघु फिल्में, डॉक्यूमेंट्री एवं जनहित संदेश प्रदर्शित किए जाएंगे, जिससे आमजन को योजनाओं की जानकारी आसानी से समझ में आ सके। इसके साथ ही कला जत्थों द्वारा लोक शैली में आकर्षक एवं संदेशपरक प्रस्तुतियां देकर लोगों को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## झील में घटते जलस्तर के चलते रविवार को फलोदी शहर में जलापूर्ति रहेगी बंद

**फलोदी।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग वृत्त फलोदी के निर्देशानुसार झील में पानी के घटते स्तर को ध्यान में रखते हुए शहर में रविवार 17 मई को समस्त प्रकार की जलापूर्ति बंद रहेगी। विभाग द्वारा 17 मई को की जाने वाली जलापूर्ति अब सोमवार 18 मई 2026 को की जाएगी। सहायक अभियन्ता रवि कुमार ने बताया कि आदर्श नगर जॉन से जुड़े एकान्तरे जलापूर्ति वाले क्षेत्रों में पानी की सप्लाई पूर्ववत सुचारु रहेगी। विभाग ने आमजन से जल का अपव्यय नहीं करने तथा आवश्यकतानुसार पानी का संचय करने की अपील की है।

## पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट आलोक रंजन ने आदेश जारी कर ग्रीष्म ऋतु 2026 में संभावित पेयजल संकट की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए आमजन को सुचारू एवं नियमित पेयजल उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा विभाग, जोधपुर में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया है। आदेशानुसार कंट्रोल रूम का संचालन चौबीसों घंटे तीन पारियों में किया जाएगा। प्रथम पारी प्रात: 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक, द्वितीय पारी दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक तथा तृतीय पारी रात्रि 10 बजे से प्रात: 6 बजे तक संचालित होगी। कंट्रोल रूम में विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है ताकि पेयजल संबंधी शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। कंट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर 0291-2650349 एवं 0291-2650350 निर्धारित किए गए हैं, जिन पर आमजन पेयजल संबंधी समस्याओं एवं शिकायतों की सूचना दे सकेंगे। जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आमजन से प्राप्त शिकायतों पर तत्परता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित की जाए तथा पेयजल आपूर्ति व्यवस्था पर सतत निगरानी रखी जाए।

## पांच दिवसीय परिंडा लगाओ, पक्षी बचाओ अभियान शुरु



**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** मारवाड़ शेख, सैयद, मुगल, पठान विकास समिति का पांच दिवसीय परिंडा लगाओ, पक्षी बचाओ अभियान शुक्रवार से शुरू हुआ। मीडिया प्रभारी माज़िद खान ने बताया उस्ताद हाजी हमीम बक्ष के सानिध्य में समिति से जुड़े सदस्यों ने उम्मेद राजकीय स्टेडियम के समीप परिंडे लगाकर अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष उस्ताद हाजी हमीम बक्ष ने बताया कि अभियान के तहत जोधपुर शहर में 111 परिंडे लगाकर पक्षियों के लिए नियमित तौर पर दाने-पानी की व्यवस्था की जाएगी। जिन स्थानों पर परिंडे लगाए जाएंगे, वहां सार-संभाल की जिम्मेदारी भी समिति से जुड़े कार्यकताओं की रहेगी। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को चाहिए कि अपने आसपास के पेड़ों पर परिंडे लगाकर पक्षियों के लिए दाने-पानी की व्यवस्था करें। इस दौरान सरपरस्त मो. नियामत पठान, इंसाफ अली भाईजान, फिरोज खान, इस्तियाक अली राजू, डॉ. इमरान, अमजद बक्ष,उस्ताद सलीम खान मौजूद रहे।

## गोडावण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताए




**जैसलमेर ( हुक्मनामा समाचार )।** 21 मई 2026 को आयोजित होने वाले गोडावण दिवस के उपलक्ष्य में उप वन संरक्षक (वन्यजीव) जैसलमेर के निर्देशनुसार आज उत्कर्ष जैन भवन, मालका प्रोल, जैसलमेर में क्विज प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता एवं निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जैसलमेर जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं का आयोजन तीन वर्गों कृ कक्षा 5 से 8, कक्षा 9 से 12 तथा महाविद्यालय स्तर पर किया गया। विद्यार्थियों ने गोडावण संरक्षण, वन्यजीव सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विषयों पर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर भंवर लाल चौधरी, सहायक वन संरक्षक, बाबूलाल चौधरी, एसीएफ डीएनपी, महेश गुर्जर (ड्ढड्ढ) जेठमल सिंह एवं जगमाल सिंह (सेवानिवृत्त रेंजर) उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अभिभावक एवं शिक्षकगण उपस्ति रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन में गोडावण संरक्षण एवं वन्यजीवों के प्रति जागरूकता बढ़ावा देना है। वन विभाग द्वारा बताया गया कि गोडावण राजस्थान की शान एवं अत्यंत दुर्लभ पक्षी प्रजाति है, जिसके संरक्षण के लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के तहत बालोतरा में 50 दिवसीय योगाभ्यास कार्यक्रम जारी

**बालोतरा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम के तहत बालोतरा में 50 दिवसीय योगाभ्यास कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संचालित किया जा रहा है। जिला कलक्टर श्री सुशील कुमार यादव के निर्देशन एवं आदेशानुसार प्रतिदिन प्रात:काल वंदे भारत पार्क बालोतरा में सामूहिक योग एवं प्राणायाम सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम का आयोजन राजकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय बालोतरा के सहायक निदेशक डॉ. नेमसिंह राजपुरोहित, आयुष्मान आरोग्य मंदिर बालोतरा एवं पतंजलि योगपीठ के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 7 बजे तक आयोजित होने वाले योगाभ्यास कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहरवासी एवं योग साधक भाग ले रहे हैं। योग सत्र में बाबूलाल भंसाली, योग शिक्षक जीतेन्द्र कुमार डागा एवं आयुर्वेद विभाग से योग प्रशिक्षक जगदीश द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान क्रियाओं का अभ्यास करवाया जा रहा है।

## मिलावटी खाद्य सामग्री बेचने वालों के विरुद्ध न्यायालय में पेश हुए परिवाद

**बालोतरा।** जिले में खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के खिलाफ प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। खाद्य सुरक्षा विभाग ने विभिन्न प्रतिष्ठानों से लिए गए नमूनों में मिलावट पाए जाने पर संबंधित कारोबारियों के खिलाफ न्यायालय में परिवाद पेश किए हैं। अभिहित अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वांकाराम चौधरी ने बताया कि जिला कलक्टर श्री सुशील कुमार यादव एवं खाद्य सुरक्षा आयुक्त टी. शुभमंगला के निर्देशानुसार जिलेभर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी गिरधारी राम एवं उनकी टीम द्वारा लगातार निरीक्षण एवं नमूनीकरण की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि अब तक विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से 321 इन्फोर्समेंट सैंपल एवं 424 सर्विलेंस नमूने लिए जा चुके हैं। जांच के दौरान कई खाद्य सामग्री के नमूने मिलावटी पाए गए। इनमें से छह मामलों में अपील अवधि समाप्त होने के बाद संबंधित प्रतिष्ठानों के विरूद्ध न्यायालय में परिवाद पेश किए गए हैं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत, खारवा**

**पंचायत समिति-गुड़ामालानी ( बालोतरा )**

**क्रमांक: ग्रापं/निविदा/2026/26 दिनांक : 13.05.2026**

**निविदा सूचना संख्या-01 वर्ष 2026-27**

ग्राम पंचायत के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की अन्य समस्त योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यो के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निर्माण सामग्री की आपूर्ति करने एवं उपकरणों की आपूर्ति करवाने हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसार राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियमों के तहत वाणिज्यिक कर विभाग में पंजीकृत ऐसे विनिर्माता(ओं), विक्रेता(ओं), आपूर्तिकर्ता(ओं) जो किसी भी राजकीय संस्थान/उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित/ब्लैक लिस्टेड नहीं हो, से ई-टेण्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा निविदाएं आमन्त्रित की जाती है तथा निविदा से सम्बन्धित अन्य विस्तृत विवरण ग्राम पंचायत कार्यालय से कार्यालय समय में तथा राज्य लोक उपापन पोर्टल (www.sppp.rajasthan.gov.in) एवं (www.eproc.rajasthan.gov.in) पर भी देखी/पढ़ी/प्राप्त की जा सकती है।

**UBN-PKW2627GLOB00013**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत, खारवा**
**पंचायत समिति, गुड़ामालानी**

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत, खारवा**
**पंचायत समिति, गुड़ामालानी**

# तकनीकी अड़चनों और सख्त नियमों के बीच बढ़ी ITR फाइलिंग की चुनौती

**फलोदी (हुक्मनामा समाचार)।** आयकर रिटर्न फाइलिंग सीजन शुरू होते ही इस बार करदाताओं के सामने तकनीकी बाधाएं और सख्त अनुपालन नियम बड़ी चुनौती बनकर उभरे हैं। आयकर विभाग के पोर्टल पर तकनीकी देरी, कई आवश्यक यूटिलिटी विकल्पों की अनुपलब्धता तथा लगातार बदलते नियमों के कारण करदाताओं और टैक्स प्रोफेशनल्स दोनों पर अतिरिक्त दबाव देखा जा रहा है। जानकारों के अनुसार रिटर्न फाइलिंग के लिए उपलब्ध महत्वपूर्ण समय का बड़ा हिस्सा पोर्टल संबंधी तकनीकी समस्याओं में प्रभावित हो रहा है, जिससे अंतिम समय में अनुपालन का दबाव और बढ़ने की आशंका है।

चार्टर्ड अकाउंटेंट एवं वित्तीय सलाहकार सीए परीक्षित व्यास ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में करदाताओं को पहले की तुलना में अधिक सतर्क और व्यवस्थित रहने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि आयकर विभाग द्वारा देरी पर पेनल्टी और ब्याज संबंधी प्रावधानों को सख्ती से लागू किया जा रहा है, वहीं तकनीकी समस्याओं के कारण करदाताओं के पास अनुपालन के लिए सीमित समय बचता है।

उन्होंने कहा कि नए कानूनी प्रावधानों और डेटा मिलान प्रणाली ने रिटर्न फाइलिंग प्रक्रिया को पहले से अधिक संवेदनशील बना दिया है। ऐसे में छोटी त्रुटियां भी भविष्य में नोटिस, ब्याज, पेनल्टी अथवा जांच का कारण बन सकती हैं।

# आज लोहावट व फलोदी की ग्राम पंचायतों में पहुंचेंगे ग्राम रथ

**फलौदी (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए ग्राम रथ अभियान शुरू किया गया। अभियान के तहत जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंचकर रथ द्वारा आमजन को जागरूक किया जा रहा हैं। आज 16 मई शनिवार को फलोदी विधानसभा की ग्राम सोनलपुरा, मोड़किया, टेपू, टेकरा में ग्राम रथ पहुंचेगा। इसी प्रकार दूसरा रथ लोहावट विधानसभा की ग्राम पंचायत शिवपुरा, चांदसमा, लालपुरा, फतेहगढ़ में पहुंचकर आमजन को योजनाओं की जानकारी देंगे। एसीईओ गौतम चौधरी ने बताया कि आमजन अपने सुझाव व समस्या रथ के साथ रखी पेटिका में दर्ज करवा सकते हैं।

# आदर्श विद्या मंदिर सायला में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**सायला। (हुक्मनामा समाचार)।** आदर्श विद्या मंदिर सायला में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।



समारोह में विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष ताराराम चौधरी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में नैनमल लखारा उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में रेवाराम धाची एवं सोरम देवी मौजूद रहे। कार्यक्रम में पुरस्कार के भामाशाह कमलेश कुमार पुत्र डूंगाराम गहलोत रहे। अतिथियों में नखुल सिंह राजपुरोहित, ओटाराम सुथार, चैनसिंह, मोहनलाल, प्रकाश सोनी, कालूराम एवं अन्य अतिथि मौजूद रहे। मंच संचालन प्रधानाचार्य लक्ष्मण सिंह ने किया। कार्यक्रम में अध्यापक अरविंद कुमार, विक्रम कुमार, गौरव जीनगर, संगीता दवे एवं पुष्पा जीनगर सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। साथ ही विद्यार्थी एवं अभिभावक भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उपखंड कार्यवाह सायला नकुलसिंह राजपुरोहित ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ संस्कार एवं अनुशासन भी जीवन में अत्यंत आवश्यक हैं।

# पूर्व सांसद जोधपुर दरबार गजसिंह का बोरुंदा में स्वागत किया



**पीपाड़ शहर (हुक्मनामा समाचार)।** उपखंड क्षेत्र के बोरुंदा में हिज हाईनेस जोधपुर दरबार पूर्व सांसद गजसिंह का बोरुंदा पहुंचने पर राठौड़ परिवार द्वारा स्वागत किया गया। कस्बे के महाराणा प्रताप चौराहे पहुंचने पर वकील प्रेमसिंह राठौड़ सहित ग्रामीणों ने पूर्व सांसद जोधपुर दरबार गजसिंह का माला पहनाकर गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि भगवतसिंह राठौड़, नारायण सिंह, रितेंद्रसिंह, विरेन्द्रसिंह राठौड़, राजपूत समाज अध्यक्ष विक्रमसिंह राठौड़, करणसिंह राठौड़, भीकसिंह मेड़तिया, बहादुरसिंह राठौड़, हनुवंतसिंह, देवीसिंह राठौड़, नटवरसिंह, हरिसिंह भाटी, भगवानसिंह, बजरंगसिंह, रफीक अहमद कुरैशी सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे। पूर्व सांसद व महाराजा गजसिंह ने शिक्षा को और अधिक बेहतर बनाने की बात कही उन्होंने कहा कि शिक्षा में विशेष कर बालिका शिक्षा के साथ जो पिछड़े है उन पर शिक्षा को लेकर आवश्यकता अनुसार खर्च करके समाज व देश को विकसित बनाने में सहयोग करें।

# भीषण गर्मी में परिंदों के लिए सरकारी विधालय परिसर में परिंडे लगाए



**पीपाड़ शहर (हुक्मनामा समाचार)।** वर्तमान में 45 डिग्री की इस तपती गर्मी में जहाँ आम आदमी पानी के बिना नहीं रह सकते, वहीं प्यास से व्याकुल कई बेजुबान पक्षी दम तोड़ देते हैं। ऐसे में हमारी एक छोटी सी कोशिश इन मासूम परिंदों को नया जीवन दे सकती है। इसी को लेकर शुक्रवार को समीपवर्ती ग्राम रिया सेठों की स्थित सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में अल्पसंख्यक कांग्रेस डांगीयावास ब्लाक अध्यक्ष खुर्शीद अहमद की अगुवाई में पक्षियों के लिए पानी के परिंडे ओर दाने के लिए टब लगाए गए।इस अवसर पर अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस जिला अध्यक्ष अल्लानूर मेहर स्टेट कॉर्डिनेटर बहादुर खियाणी इकबाल गौरी बुचकला विधालय प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार श्रीमती प्रिति देवड़ा जेठाराम बडियार दुर्गाराम सेवर फिरोज खान सिंधी रजाक खान हाजी खान श्रवण सिरोही हाजी अनवार कुरैशी बाबू भाई कुरैशी अशोक भाटी इकबाल खान सिंधी सिकंदर खान सिंधी लियाकत कुरेशी साबू खान सिंधी महेंद मेघवाल सहित अन्य ग्रामीणजनो ने उपस्थित रहकर अपना योगदान दिया है।

### अटल पथ और अटल ज्ञान केंद्र का किया उद्घाटन

# जनता से किए वादे हो रहे साकार



**बालोतरा, (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से संचालित ग्राम रथ अभियान के तहत पचपदरा विधायक डॉ. अरुण चौधरी ने ग्राम पंचायत पचपदरा का दौरा कर ग्रामीणों से आत्मीय संवाद किया। इस दौरान उन्होंने आमजन की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया।

कार्यक्रम के दौरान विधायक डॉ. अरुण चौधरी ने ग्राम पंचायत परिसर में नव निर्मित अटल ज्ञान केंद्र भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि अटल ज्ञान केंद्र ग्रामीण युवाओं एवं विद्यार्थियों के लिए उपयोगी साबित होगा तथा शिक्षा एवं डिजिटल सशक्तिकरण को नई दिशा देगा। इसके साथ ही विधायक ने पचपदरा में लगभग 2 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अटल पथ का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि सड़क एवं आधारभूत ढांचे के विकास से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा तथा ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके अलावा विधायक कोष से 30 लाख रुपये से अधिक की लागत से निर्मित टीन शेड का भी लोकार्पण किया गया, जिससे सामाजिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी।

विधायक डॉ. अरुण चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि जनसेवा ही उनका प्रमुख उद्देश्य है और जनता से किए गए प्रत्येक वादे को पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण विकास, आधारभूत सुविधाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। क्षेत्र के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी तथा आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाएगा। उन्होंने ग्राम रथ अभियान को सरकार एवं जनता के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम बताते हुए कहा कि इस अभियान के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों तक योजनाओं की जानकारी पहुंच रही है और पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# गरीब, किसान और अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की आवाज थे पूर्व उपराष्ट्रपति : बांठिया

**बालोतरा (हुक्मनामा समाचार)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य व ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट रथ के पचपदरा विधानसभा के प्रभारी गणपत बांठिया ने असंख्य कार्यकर्ताओं के प्रेरणा-पुंज, भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष, देश के पूर्व उप राष्ट्रपति, 'राजस्थान गौरव' परम श्रद्धेय भैरोंसिंह शेखावत जी की पुण्यतिथि पर पर श्रद्धेय बाबोसा को कृतज्ञतापूर्वक नमन कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।



भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य व ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट रथ के पचपदरा विधानसभा के प्रभारी गणपत बांठिया ने कहा कि राष्ट्रोत्थान और जन-कल्याण हेतु समर्पित आपका सम्पूर्ण जीवन सदैव हम सभी को माँ भारती की सेवा हेतु कर्तव्य पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा देता रहेगा।भैरोंसिंह शेखावत जी केवल एक नेता नहीं थे, बल्कि वे करोड़ों कार्यकर्ताओं की प्रेरणा, गरीब और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की आवाज तथा सुशासन के प्रतीक थे। साधारण परिवार से निकलकर देश के उपराष्ट्रपति पद तक पहुँचना उनके संघर्ष, परिश्रम और जनसेवा के प्रति समर्पण का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने राजनीति को हमेशा सेवा का माध्यम माना और अपने कार्यों से यह सिद्ध किया कि ईमानदारी, संवेदनशीलता और दृढ़ इच्छाशक्ति से जनमानस का विश्वास जीता जा सकता है।राजस्थान के विकास में उनका योगदान सदैव स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। प्रदेश में सुशासन, ग्रामीण विकास, जल संरक्षण, शिक्षा और गरीब कल्याण की दिशा में उनके द्वारा किए गए कार्य आज भी प्रेरणास्त्रोत हैं। वे कार्यकर्ताओं का सम्मान करने वाले, सबको साथ लेकर चलने वाले और संगठन को परिवार मानने वाले अद्वितीय व्यक्तित्व थे।उन्होंने ने कहा कि देश मे काम के बदले अनाज योजना, अंत्योदय योजना के प्रणेता पूर्व राष्ट्रपति एवं राजस्थान के तीन बार मुख्यमंत्री रहे स्व भैरों सिंह शेखावत ही ऐसे नेक कार्य कर सके।उन्होंने ने उनको याद करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भैरोसिंह शेखावत के साथ जनसंघ के नेता पूर्व विधायक चंपालाल बांठिया के साथ वार्ता करते व उनके भाषणों को सुनने के जन सैलाब उमड़ता था। अकाल के उस भयानक दौर में पूर्व विधायक चंपालाल बांठिया के साथ मिलकर सीमान्त जिलो के गांव गांव ढाणी ढाणी जाकर ग्रामीणों से रूबरू हुए थे।उन्होंने ने कहा कि शेखावत आम जन मानस के दुखों को अपना दुख मानकर उनकी सेवा की थी।

# बिजली कटौती से आमजन परेशान

## किसको सुनाएं दुखड़ा कोई सुनने वाला नहीं

**सोजत।** क्षेत्र में पिछले लम्बे समय से लगातार हो रही बिजली कटौती से आमजन परेशान है। आमजन का कहना है कि किसको सुनाएं दुखड़ा कोई सुनने वाला नहीं है। लोग सोशल मीडिया पर अपना दुखड़ा सुनाकर दिल हल्का कर रहे हैं। घंटों बिजली कटौती आमजन को परेशान कर रही है। लोगों का आरोप है कि कभी लाइनों में फाल्ट तो कभी उपकरण फेल होने से बिजली बंद कर दी जाती है। वहीं अधिकारियों की बहानेबाजी से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। जानकारी के अनुसार पिछले लम्बे समय से क्षेत्र में बिजली की लगातार कटौती की जा रही है। बिजली कटौती का कोई समय निर्धारित नहीं है जब चाहे रात दिन में कभी भी 3-4 घंटे तक पावर कट कर दी जाती है। लाइट आते ही फिर चली जाना ज़ख्म भर नमक का छिड़काव जैसा महसूस होता है। इस भीषण गर्मी में महिलाएं बच्चे और बुजुर्ग ज्यादा परेशान हो रहे हैं।

### कृष्णा सेवा संस्थान ने भीषण गर्मी में पक्षियों और बेजुबानों के लिए शुरु किया अभियान

# हर गली खेली और हर घर परिंडा का संकल्पः दवे



**बालोतरा (हुक्मनामा समाचार)।** भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए 'कृष्णा सेवा संस्थान' द्वारा जीव दया के संकल्प के साथ 'हर गली खेली व हर घर परिंडा' अभियान को लेकर चतुर्थ चरण के खेलिया व परिंडे का वितरण किया गया।

संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष धर्मेंद्र दवे के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में नगर के विभिन्न क्षेत्रों में मूक पक्षियों के लिए परिंडे बांधे गए और आवारा पशुओं के लिए पानी की खेलियां लगाई गईं।

दवे ने बताया कि संस्थान मार्गदर्शक पारसमल भंडारी, कृष्णा अणुव्रत सेवा समिति सरंक्षक गौतम चौपड़ा, अध्यक्ष घनश्याम सिंह राजपुरोहित की उपस्थिति में सहयोग कर्ता जवाहर हुंडिया व कृष्णा खेल संस्थान अध्यक्ष आनंद मेहता, कृष्णा सुन्दरकाण्ड समिति अध्यक्ष ईश्वरदास वैष्णव, पारसमल सालेचा द्वारा खेलिया बनवा कर वितरित की गई।

इस वर्ष चतुर्थ चरण में 20 खेलिया बनाई गई इस प्रकार अभी तक हम 480 खेलियां लगवा चुके है।

पारस भंडारी ने कहा कि बढ़ती गर्मी में इंसान तो अपनी प्यास बुझा लेता है, लेकिन बेजुबान पक्षी और पशु पानी की तलाश में भटकते रहते हैं। संस्थान का लक्ष्य है कि बालोतरा की हर गली में पानी की खेली हो और हर घर की छत पर एक परिंडा हो, ताकि कोई भी जीव प्यासा न रहे। संस्थापक अध्यक्ष धर्मेंद्र दवे द्वारा निशुल्क परिंडे वितरित किए जा रहे है अभी तक इस वर्ष सैकड़ो परिंडे कृष्णा सेवा संस्थान द्वारा लगवाए जा चुके है उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अपने घरों के बाहर और छतों पर नियमित रूप से पानी भरें।

घनश्याम सिंह राजपुरोहित ने कहा कि संस्थान द्वारा बड़ी संख्या में मिट्टी के परिंडे और लोहे/कंक्रीट व सीमेंट की खेलियां तैयार की गई हैं, जिन्हें चिन्हित स्थानों पर लगाया जा रहा है।

# नवनियुक्त आयकर अधिकारी लक्ष्मीकांत बोहरा ने संभाला पदभार, सुनील वैष्णव को दी भावभीनी विदाई

**फलोदी (हुक्मनामा समाचार)।** स्थानीय राईका बाग स्थित आयकर कार्यालय में आयोजित गरिमामय समारोह में नवनियुक्त आयकर अधिकारी लक्ष्मीकांत बोहरा ने विधिवत पदभार ग्रहण किया। इसी अवसर पर जोधपुर स्थानांतरित हुए निवर्तमान आयकर अधिकारी सुनील वैष्णव को भावभीनी विदाई दी गई। समारोह में नगर की विभिन्न व्यापारिक, सामाजिक एवं औद्योगिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने लक्ष्मीकांत बोहरा का स्वागत करते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। साथ ही सुनील वैष्णव के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके योगदान को याद किया गया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

कार्यक्रम में सर्व समाज, पुष्करणा समाज, लघु उद्योग भारती, भारतीय जनता पार्टी, टैक्स बार एसोसिएशन, मंडी व्यापार संघ, इंडस्ट्रीज एसोसिएशन एवं किराना व्यापार संघ सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। समारोह का संचालन टैक्स बार एसोसिएशन द्वारा किया गया। पदभार ग्रहण करने के बाद लक्ष्मीकांत बोहरा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पारदर्शिता एवं नियमानुसार कार्य करते हुए करदाताओं और विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का प्रयास करेंगे। वहीं सुनील वैष्णव ने फलोदी में मिले सहयोग के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के अंत में परंपरागत साफा एवं माल्यार्पण कर दोनों अधिकारियों का सम्मान किया गया। साथ ही क्षेत्र की अधिष्ठात्री देवी माँ लटियाल की तस्वीर भेंट कर लक्ष्मीकांत बोहरा के सफल कार्यकाल की कामना की गई।

# जनगणना में नियुक्त पदाधिकारियों को पदोन्नति/स्थानान्तरण पर बिना जिला कलक्टर की अनुमति कार्यमुक्त नहीं करने के निर्देश

**जालोर (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में जनगणना-2027 के कार्य के लिए नियुक्त एवं प्रशिक्षित जनगणना पदाधिकारी पदोन्नति/स्थानान्तरण होने के उपरांत भी प्रमुख जनगणना अधिकारी (जिला कलक्टर) की बिना अनुमति कार्यमुक्त नहीं हो सकेंगे। जिला जनगणना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर जालोर राजेश मेवाड़ा ने बताया कि जनगणना कार्य निदेशालय जयपुर के निर्देशानुसार जनगणना-2027 के कार्य के लिए नियुक्त एवं प्रशिक्षित जनगणना पदाधिकारियों यथा-मास्टर ट्रेनर, फील्ड ट्रेनर, पर्यवेक्षक एवं प्रगणक को पदोन्नति/स्थानान्तरण उपरांत कार्यमुक्त किए जाने से जनगणना कार्य की निरंतरता एवं गुणवत्ता गंभीर रूप से प्रभावित होने की संभावना रहेगा साथ ही जनगणना द्वितीय चरण, पूर्णतः प्रथम चरण-मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना में संपादित कार्यवाही एवं प्रशिक्षित कार्मिकों की दक्षता पर आधारित है एवं द्वितीय चरण के लिए नियुक्त किए जाने वाले नवीन कार्मिकों को पुनः प्रशिक्षण प्रदान करने में अतिरिक्त समय एवं संसाधनों की आवश्यकता होगी जिससे निर्धारित समय सीमा में कार्य संपादन प्रभावित हो सकता है। इसलिए जनगणना कार्य के लिए नियुक्त एवं प्रशिक्षित किसी भी अधिकारी-कर्मचारी को आगामी आदेश तक प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर जालोर की बिना अनुमति के कार्य नहीं किया जायेगा।

# रिक्त/नवसृजित उचित मूल्य दुकानों के लिए साक्षात्कार 25 से 27 तक

**जालोर (हुक्मनामा समाचार)।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत जिले में रिक्त/नवसृजित उचित मूल्य दुकानों के लिए आमंत्रित आवेदन पत्रों के संबंध में 25 से 27 मई तक आवेदकों के साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। जिला रसद अधिकारी नमिता नारवाल ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत जिले में रिक्त/नवसृजित उचित मूल्य दुकानों के लिए इच्छुक एवं पात्र व्यक्तियों/संस्थाओं से राजस्थान खाद्यान्न एवं अन्य आवश्यक पदार्थ (वितरण का विनियमन) आदेश, 1976 के खण्ड 3(1) के तहत प्राधिकार पत्र जारी किए जाने के लिए 6 फरवरी, 2026 को आमंत्रित आवेदन पत्रों के संबंध में आवेदकों के साक्षात्कार 25 से 27 मई तक आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि निर्धारित कार्यक्रमानुसार भीनमाल, जसवंतपुरा व चितलवाना तहसील क्षेत्र के लिए 25 मई (सोमवार) को, रानीवाड़ा व सांचोर तहसील क्षेत्र के लिए 26 मई (मंगलवार) को तथा जालोर, आहोर व सायला तहसील क्षेत्र के लिए 27 मई (बुधवार) को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जिला रसद अधिकारी कार्यालय जालोर में साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे।

# युवाओं को मिलेगा देश के सीमावर्ती गांवों के भ्रमण का सुनहरा अवसर

**जालोर (हुक्मनामा समाचार)।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के माई भारत पोर्टल पर विकसित वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-2026 के लिए 20 मई तक पंजीकरण किए जा सकेंगे। जिला युवा अधिकारी हितेश कुमार ने बताया कि विकसित वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-2026 से युवाओं को देश के सीमावर्ती गांवों की यात्रा का मौका मिलेगा। वहाँ की अनूठी संस्कृति समझने का अवसर मिलेगा तथा राष्ट्र निर्माण में योगदान का मंच मिलेगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता की भावना मजबूत करने के साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास और चुनौतियों से भी युवाओं को रूबरू कराना है। उन्होंने बताया कि विकसित वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-2026 के लिए इच्छुक युवाओं को सर्वप्रथम माई भारत पोर्टल पर लॉग-इन करना होगा। इसके बाद ऑनलाइन क्विज में भाग लेना होगा। क्विज सीमावर्ती गाँवों, संस्कृति, सरकारी योजनाओं पर आधारित होगा। क्विज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चुनिंदा युवाओं का चयन विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अंतर्गत भ्रमण के लिए होगा। चयनित युवाओं को देश के सीमावर्ती क्षेत्रों के गांवों में लेकर जाया जाएगा। वे स्थानीय समुदायों के साथ समय बिताएंगे।

# हायर एप्लायंसेज़ इंडिया ने एआई-एटमॉक्स से संचालित एयर कंडीशनर लॉन्च किया

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** लगातार 17 वर्षों से दुनिया की नंबर 1 प्रमुख घरेलू उपकरण ब्रांड हायर एप्लायंसेज़ इंडिया आधुनिक जीवनशैली के लिए शक्ति, प्रतिष्ठा, सटीकता और प्रीमियम डिज़ाइन की नई पहचान पेश करते हुए एआई-एटमॉक्स से संचालित स्पार्टन एआई टॉवर एयर कंडीशनर लॉन्च कर रहा है। उन घरों के लिए तैयार किया गया है जहाँ उपस्थिति और प्रदर्शन दोनों समान रूप से महत्वपूर्ण हैं, स्पार्टन एआई टॉवर एयर कंडीशनर शक्तिशाली, प्रतिष्ठित कूलिंग और उच्च प्रदर्शन दक्षता प्रदान करता है। अपने आकर्षक डिज़ाइन और सोच-समझकर की गई इंजीनियरिंग के साथ, यह केवल एक उपकरण से आगे बढ़कर कमरे का एक प्रमुख हिस्सा बन जाता है, खासतौर पर उन लोगों के लिए जो साफ-सुथरे सौंदर्य और सहज रूप से फिट होने वाली तकनीक को महत्व देते हैं। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, एन एस सतीश, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, हायर एप्लायंसेज़ इंडिया ने कहा, स्पार्टन एआई टॉवर एयर कंडीशनर हमारे इरादे का प्रतीक है कि भारत जैसे विविध और गतिशील बाजार में एयर कंडीशनर की परिभाषा को फिर से तय किया जाए।

राजस्थान एनर्जी कॉन्क्लेव

ऊर्जा की बचत ही है ऊर्जा उत्पादन का सबसे बड़ा और बेहतर विकल्प

# ईंधन के संयमित उपभोग की आदत से ही प्रशस्त होगी आत्मनिर्भरता की राह-मुख्यमंत्री

■ पेट्रोल-डीजल की बचत है सामूहिक जिम्मेदारी

■ सौर ऊर्जा उत्पादन में हम अव्वल, ऊर्जा प्रदाता राज्य बनेगा राजस्थान





**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि ऊर्जा की बचत ही ऊर्जा उत्पादन का सबसे सस्ता, प्रभावी और स्थायी विकल्प है। संसाधनों के विवेकपूर्ण और संयमित उपभोग की आदत ही ऊर्जा आत्मनिर्भरता की राह को प्रशस्त करेगी।

उन्होंने कहा कि राजस्थान आज सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में देश में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और आने वाले समय में ऊर्जा प्रदाता राज्य के रूप में अपनी पहचान और मजबूत करेगा। गैर परंपरागत ऊर्जा स्त्रोतों के विकास की असीम संभावनाओं के साथ प्रदेश हरित ऊर्जा क्रांति का केंद्र बन रहा है। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को राजस्थान एनर्जी कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रप्रथम की भावना पर आधारित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ईंधन की एक-एक बूंद बचाने के मंत्र को अपनाते हुए सरकार ने राजकीय वाहनो के सीमित और संयमित उपयोग और ऊर्जा संरक्षण के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

**अक्षय ऊर्जा में राजस्थान स्थापित कर रहा प्रतिमान :** उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह संकल्प लिया है कि भारत वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता स्थापित करने के साथ ही, वर्ष 2070 तक नेट जीरो का लक्ष्य भी प्राप्त करेगा। राजस्थान सरकार इस लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ रही है। राज्य में 828 गीगावाट सौर ऊर्जा और 284 गीगावाट पवन ऊर्जा की संभावनाएं हैं। अब तक राज्य में 47 गीगावाट से अधिक की अक्षय ऊर्जा क्षमता स्थापित हो चुकी है और राजस्थान सौर परियोजना स्थापना में देश में अग्रणी है। हमारी सरकार के कार्यकाल में 24 हजार 410 मेगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता की वृद्धि हुई है।

**ग्रीन एनर्जी, ई-मोबिलिटी की तरफ बढ़ा रहे मजबूत कदम**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कृषि विद्युत भार को सौर ऊर्जा के माध्यम से पूरा करने के लिए कुसुम योजना के अंतर्गत लघु सौर परियोजनाएं कृषि भूमि पर स्थापित की जा रही हैं।



### ईवी से पहुंचे मुख्यमंत्री, ईंधन बचत का दिया संदेश

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कार्यक्रम में इलेक्ट्रिक व्हीकल से पहुंचे और ईंधन बचत, पर्यावरण संरक्षण तथा ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने का सशक्त एवं प्रेरक संदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऊर्जा संरक्षण एवं ईंधन की बचत जनभागीदारी से जुड़ा एक व्यापक जनआंदोलन है। पेट्रोल-डीजल की बचत समय की आवश्यकता है और स्वच्छ एवं वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को अपनाकर ही भविष्य की ऊर्जा चुनौतियों का समाधान संभव है।

### निवेशकों से आह्वान - पधारो म्हारे देश

उन्होंने ऊर्जा क्षेत्र के निवेशकों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प के अनुरूप राजस्थान को ऊर्जा का पावरहाउस बनाने में भागीदारी निभाने की अपील की। साथ ही, उन्होंने कहा कि निवेश की दृष्टि से भी राजस्थान देश के सबसे अनुकूल राज्यों में शामिल है। सरकार उद्योगों और निवेशकों को हर संभव सहयोग एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्रगतिशील नीतियों का ही परिणाम है कि राज्य में सौर, पवन, बायो ऊर्जा, पंप स्टोरेज और ग्रीन हाइड्रोजन की परियोजनाओ में निवेश के प्रस्ताव मिले हैं, जो कि राजस्थान की अर्थव्यवस्था के लिए एक नए युग की शुरुआत है।

---

खाद्य सुरक्षा आयुक्तालय का बड़ा एक्शन

## अनसेफ मिलने पर 4 खाद्य पदार्थों के विक्रय, वितरण एवं डिस्पले पर प्रतिबंध

*24 खाद्य पदार्थों के नमूने अनसेफ मिलने पर फर्मों के लाइसेंस निलंबित*

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के निर्देशन में प्रदेश में संचालित 'शुद्ध आहार एवं मिलावट पर वार' अभियान के अंतर्गत प्रभावी कार्रवाई अमल में लायी जा रही है।

विगत मार्च एवं अप्रेल माह के दौरान खाद्य सुरक्षा दलों द्वारा जिलों में लिए गए विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूनों के संदर्भ में जनस्वास्थ्य प्रयोगशाला में किए गए परीक्षणों की रिपोर्ट के अनुसार पैक्ड खाद्य पदार्थ असुरक्षित (अनसेफ) पाए गए हैं। अनसेफ पाए गए खाद्य पदार्थों के राज्यभर में वितरण, विक्रय एवं प्रदर्शन (डिस्प्ले) पर आगामी दो माह के लिए प्रदेशभर में प्रतिबंध लगाया गया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रीमती गायत्री राठौड़ ने बताया कि प्रदेशभर में आमजन को सुरक्षित खाद्य पदार्थ की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 'शुद्ध आहार एवं मिलावट पर वार' अभियान संचालित किया जा रहा है। खाद्य प्रयोगशाला की रिपोर्ट के आधार पर बीकानेर, जयपुर एवं ग्वालियर की 4 फर्मों के कुछ खाद्य पदार्थों के वितरण, विक्रय एवं प्रदर्शन पर आगामी दो माह के लिए प्रोहिबिशन आदेश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि आमजन को सलाह दी जाती है कि इन खाद्य पदार्थो की खरीदारी करने से बचें।

### इन 4 उत्पादों को किया प्रतिबंधित–

खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ. टी. शुभमंगला ने बताया कि बीकानेर की पापड़ निर्माता फर्म हैप्पी, पूजा पापड़ भंडार बीकानेर, मैसर्स बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल लिमिटेड, बीकानेर की आल इन वन नमकीन (कुछ-कुछ) बैच नंबर के26सी81126, डबरा (ग्वालियर) की किचन किंग निर्माता फर्म के रोस्टेड चना एवं सावित्री फूड झांसी रोड, की निर्माता फर्म-अनु मिल्क प्रोडक्ट्स लिमिटेड, वीकेआईए, जयपुर के घी-बिलोना बैच नंबर 029 नामक पदार्थों के प्रोहिबिशन आदेश जारी किए गए है। उन्होंने बताया कि खाद्य व्यापारी द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा 46(4) की निर्धारित अवधि में पुनः जांच हेतु अपील करने के उपरांत रेफ़रल प्रयोगशाला की रिपोर्ट अनसेफ प्राप्त होने या धारा 46(4) की अवधि में अपील नहीं करने पर इन खाद्य पदार्थों के रिकॉल की प्रकिया अमल में लाई जाएगी।



## ज्ञान भारतम् मिशन पांडुलिपि सर्वे की मासिक समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई आयोजित

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** कला साहित्य एवं संस्कृति विभाग की उप शासन सचिव डॉ अनुराधा गोगिया ने शुक्रवार को प्राचीन ग्रंथों एवं पाण्डुलिपियों के सर्वे के कार्य के लिए राजस्थान के समस्त जिला नोडल अधिकारियों की ज्ञान भारतम् मिशन पांडुलिपि सर्वे की मासिक समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित कर सर्वे में प्रगति लाये जाने हेतु निर्देश प्रदान किए। पांडुलिपि सर्वे के सुनियोजित नियोजन और कार्यान्वन के लिए राजस्थान के समस्त जिला नोडल अधिकारीयों को संस्कृत विषय से सम्बंधित सर्वेयर लगाने के लिए आवश्यक निर्देश दिये गये है। इसके लिए राजस्थान में नियुक्त सर्वेयर द्वारा विश्वविद्यालय, पुस्तकालयों, मंदिरों मठों और निजी संस्था संस्थाओं एवं निजी पांडुलिपि धारकों के साथ समन्वय स्थापित कर पांडुलिपियों का सर्वे किया जाएगा 'हर घर दस्तक' अभियान सहित जन जागरूकता अभियानों को बढ़ावा देने के लिए भी निर्देशित किया गया। ज्ञान भारतम् मिशन योजना के तहत हस्तलिखित पांडुलिपियों और सदियों पुराने दस्तावेजों को संरक्षित करने और आने वाली पीढ़ियों के लिए उनके ज्ञान के खजाने का उपयोग करने के लिए किये गये कार्य में आम जनता का सहयोग भी प्राप्त हो रहा है। ज्ञान भारतम मिशन द्वारा बनाये गए ऐप में लोगों द्वारा ऐप डाउनलोड कर उनके पास उपलब्ध पाण्डुलिपियों से संबंधित सूचना ऐप में दर्ज की जाएगी।

---



## केंद्र सरकार की एसएएससीआई पहल के तहत राज्य को 11 हजार करोड़ रुपए तक की ब्याज मुक्त सहायता

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** मुख्य सचिववी. श्रीनिवास ने शुक्रवार को सचिवालय में आयोजित बैठक में केंद्र सरकार की 'स्कीम फॉर स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट (एसएएससीआई) 2026-27' तथा 'फाइनेंशियल असिस्टेंस फॉर पब्लिक हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर 2026-27' के राजस्थान से सम्बंधित मुद्दों की समीक्षा करते हुए कहा कि यह केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसके अंतर्गत राजस्थान को लगभग 11 हजार करोड़ रुपए तक का 50 वर्ष के लिए ब्याज मुक्त ऋण सहायता प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि इस सहायता राशि का उपयोग राज्य में 5 करोड़ रुपए अथवा उससे अधिक लागत वाली पूंजीगत परियोजनाओं एवं आधारभूत विकास कार्यों के लिए किया जा सकेगा, जिससे राज्य में विकास गतिविधियों को नई गति मिलेगी। मुख्य सचिव ने कहा कि एसएएससीआई राज्य के कैपिटल एक्सपेंडिचर सघनता वाले प्रोजेक्ट्स के लिए किसी वरदान से कम नहीं है तथा इसके माध्यम से आधारभूत संरचना निर्माण, आर्थिक गतिविधियों के विस्तार एवं भविष्य की उत्पादक क्षमता को मजबूती मिलेगी। उन्होंने विभागों को गुणवत्तापरक मानकों की प्राप्ति, समयबद्ध क्रियान्वयन तथा केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित रिफॉर्म्स एवं माइलस्टोन को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि योजना के अंतर्गत प्रोत्साहन राशि 'फर्स्ट कम फर्स्ट सर्व' आधार पर जारी की जाती है, इसलिए सभी विभाग लक्ष्य आधारित कार्यप्रणाली अपनाते हुए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा परियोजनाओं एवं आवश्यक विवरणों की शीघ्र अपलोडिंग करें।

---

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भिवाड़ी में प्रदेश के पहले सेमीकंडक्टर क्लस्टर का किया उद्घाटन

6 गुना वृद्धि के साथ इलेक्ट्रोनिक्स मैन्युफैक्चरिंग 13 लाख करोड़ रूपये पहुंची-अश्विनी वैष्णव

## राजस्थान में निवेश को मिल रहा निरन्तर प्रोत्साहन-भजनलाल शर्मा




■ भिवाड़ी में एल्सीना इलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्प्लेक्स, 34 एमएलडी एसटीपी एवं खैरथल-तिजारा के विभिन्न विकास कार्यों का वीसी के माध्यम से किया शिलान्यास-लोकार्पण



**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए हर क्षेत्र में प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। गत दो वर्षों से अधिक समय में 35 नीतियों को लागू कर राज्य सरकार ने अनुकूल औद्योगिक वातावरण का निर्माण किया है, जो कि विकसित भारत-विकसित राजस्थान 2047 की ओर महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि राजस्थान को ऊर्जा क्षेत्र में सिरमौर बनाने के क्रम में पवन और सौर ऊर्जा सहित अक्षय ऊर्जा की दिशा में भी तेजी से कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर वीसी के माध्यम से भिवाड़ी में एल्सीना इलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्प्लेक्स, 34 एमएलडी एसटीपी एवं खैरथल-तिजारा जिले के विभिन्न विकास कार्यों सहित अन्य परियोजनाओं के शिलान्यास-लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश को रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) द्वारा हरियाणा के रास्ते दिल्ली से जोड़ने की परियोजना पर कार्य किया जा रहा है। वहीं, यमुना जल समझौते के तीव्र क्रियान्वयन के साथ ही, सरकार अलवर के निकट बांदीकुई में एक बड़े इण्डस्ट्रीयल एरिया की स्थापना भी करने जा रही है। उन्होंने भिवाड़ी में सेमीकंडक्टर क्लस्टर का जिक्र करते हुए इसे महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने ग्राम और वार्ड के सुनियोजित विकास के लिए विकसित ग्राम-वार्ड अभियान की दूरगामी पहल की है। इसके अन्तर्गत राज्य सरकार सांस्कृतिक विरासत, पर्यावरण और आवश्यकताओं को समाहित करते हुए गांवों के विकास का ब्लू प्रिंट तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने ग्रामीण युवाओं की सुविधाओं के दृष्टिगत पंचायत स्तर पर अटल ज्ञान केन्द्र खोलने का अहम निर्णय भी किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन आंकाक्षाओं के अनुरूप राज्य सरकार ने बिजली-पानी की आवश्यकता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। इसी क्रम में, रामजल सेतु लिंक परियोजना, आईजीएनपी एवं गंगनहर का सुदृढ़ीकरण, माही, देवास एवं सोम-कमला-अंबा परियोजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। वहीं, 24 जिलों में किसानों को दिन के समय में बिजली आपूर्ति की जा रही है।

केन्द्रीय रेल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सेमीकंडक्टर्स एक महत्वपूर्ण इंडस्ट्री है। आज भारत में 12 सेमीकंडक्टर प्लांट हो गये हैं और विभिन्न उपकरणों की चिप्स का निर्माण हो रहा है। राजस्थान का नाम भी इस इंडस्ट्री से जुड़ गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में इलेक्ट्रोनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में देश ने गत 12 वर्षों में बड़ी छलांग लगाई है। आज भारत में 6 गुना वृद्धि के साथ इलेक्ट्रोनिक्स मैन्युफैक्चरिंग 13 लाख करोड़ रूपये पहुंच गई है। वहीं, मोबाईल भारत से निर्यात होने वाली पहली नम्बर की कमोडिटी बन गई है।

---

सहकारिता विभाग में भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं के प्रकरणों में 'जीरो टॉलरेंस'

## अनियमितताओं के मामलों में कठोर कार्यवाही रहेगी जारी-डॉ. समित शर्मा

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक की मंशा के अनुरूप सहकारिता विभाग में भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं के प्रकरणों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। इसी क्रम में रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां डॉ. समित शर्मा ने कठोर कार्यवाही करते हुए टोंक जिला सहकारी उपभोक्ता होलसेल भण्डार के तत्कालीन महाप्रबंधक करूणेश कुमार सोनी को सेवा से बर्खास्त किया है। जांच में करोड़ों रुपये के गबन, फर्जी दस्तावेज तैयार करने, अनधिकृत भुगतान तथा संस्थान को आर्थिक क्षति पहुंचाने जैसे गंभीर मामले प्रमाणित पाये जाने पर यह कार्यवाही की गई है।

वर्ष 2012-13 से 2015-16 के दौरान टोंक जिला सहकारी उपभोक्ता होलसेल भंडार में वित्तीय लेन-देन में बड़े स्तर पर अनियमितताएं सामने आई थी। जांच में लगभग 4.80 करोड़ रुपये की अमानत राशि के गबन एवं दुरुपयोग के आरोप प्रमाणित पाए गए। साथ ही, बैंक खातों से नकद राशि के कपटपूर्वक आहरण तथा अनधिकृत व्यक्तियों को भुगतान कर भण्डार को गंभीर आर्थिक हानि पहुंचाने, भण्डार को शास्ति की हानि पहुंचाने, विभिन्न व्यक्तियों व संस्थाओं से अमानतें प्राप्त कर भण्डार की लेखा पुस्तिकाओं में इन्द्राज नहीं किए जाने, राशि का षड़यंत्रपूर्वक अपहरण कर भण्डार की साख को हानि पहुंचाने, कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही बरतने तथा राज्य सरकार की छवि को धूमिल करने के आरोप भी प्रमाणित पाये गए। इस पर सख्त रूख अपनाते हुए राजस्थान सिविल सर्विसेज (क्लासिफिकेशन कन्ट्रोल एंड अपील) नियम 1958 के नियम 16 के तहत करूणेश कुमार सोनी का सेवा से निष्कासन किया गया है। वर्ष 2015 में प्रकरण प्रकाश में आने के बाद मामले में प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी। इसके बाद विभागीय स्तर पर विस्तृत जांच प्रारंभ की गई। मामले में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत पुलिस द्वारा आरोप पत्र भी न्यायालय में प्रस्तुत किए गए। जांच अधिकारी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में संबंधित अधिकारी के विरुद्ध लगाए गए चारों प्रमुख आरोप प्रमाणित माने गए। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया कि संबंधित अधिकारी द्वारा अपने प्रशासनिक एवं वित्तीय दायित्वों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही बरती गई, जिसके कारण संस्था को आर्थिक एवं प्रशासनिक दोनों स्तरों पर नुकसान उठाना पड़ा। विभागीय जांच प्रक्रिया के दौरान दस्तावेजों का परीक्षण, बैंक रिकॉर्ड का सत्यापन तथा संबंधित पक्षों की व्यक्तिगत सुनवाई की गई।

---

पंचकुला में भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड स्वर्ण जयंती समारोह

### बीबीएमबी में राजस्थान को स्थाई सदस्य बनाए जाने का आग्रह

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड का स्थापना दिवस (स्वर्ण जयंती समारोह) शुक्रवार को पंचकुला के इंद्रधनुष सभागार में आयोजित हुआ। समारोह में जल संसाधन मंत्री श्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड अपनी स्थापना (15 मई 1976) से राजस्थान, पंजाब और हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों के मध्य जल वितरण, सिंचाई प्रबंधन और जल-विद्युत प्रबंधन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। रावत ने कहा कि पश्चिमी राजस्थान के 13 जिले पेयजल व सिंचाई के लिए रावी-ब्यास-सतलुज नदी प्रणाली के जल पर ही निर्भर है। विगत दशकों से इस परियोजना ने राजस्थान के मरु प्रदेश को हरा-भरा बनाने और आर्थिक समृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

---

नीट-2026 पेपर लीक

*डोटासरा का भाजपा पर तीखा हमला*

### बड़े मगरमच्छों को बचाने के लिए राजस्थान में क्यों नहीं दर्ज हुई एफआईआर ?



**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान नीट-2026 परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। डोटासरा ने आरोप लगाया कि पेपर लीक मामले में गिरफ्तार भाजपा पदाधिकारी बड़े नेताओं के नाम ले रहा है, लेकिन उन्हें बचाने के लिए जांच की दिशा मोड़ी जा रही है। डोटासरा ने सवाल उठाया कि जब सीकर के लोगों ने पुलिस को पेपर लीक की पुख्ता जानकारी दी, तो 9 दिनों तक राजस्थान में एफआईआर क्यों दर्ज नहीं की गई? उन्होंने कहा कि राजस्थान का पेपर लीक कानून केंद्र से दस गुना मजबूत है, जिसमें आजीवन कारावास और 10 करोड़ रुपये के जुर्माने का प्रावधान है। भाजपा नेताओं को बचाने के लिए ही मामला दर्ज करने में देरी की गई, जिसके बाद अभ्यर्थियों ने सीधे नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को साक्ष्य ईमेल किए।

CMYK